• जयपुर, सोमवार 16 जून 25 • वर्ष 14 • अंक 296 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भाजपा ने मनाया मोदी सरकार के 11 स्वर्णिम वर्षों का उत्सव, संकल्प से ...
पेज @4 नीट में मोशन के स्टूडेंट्स को मिली शानदार सफलता ...
पेज @8 जाटव समाज की संकल्प महापंचायत सम्पन्न, सामाजिक जागृति व आत्मबल...

# फादर्स डे पर दो मासूम जुड़वां बच्चों के सर से उठा पिता का साया

## उत्तराखंड में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में जयपुर के पायलट राजवीर सिंह की मौत

चमकता राजस्थान

जयपुर। उत्तराखंड के गौरीकुंड के पास रविवार सुबह हुए दर्दनाक हेलिकॉप्टर हादसे में जयपुर निवासी पायलट और रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल राजवीर सिंह चौहान (37) की मौत हो गई। इस हादसे में कुल सात लोगों की जान चली गई। घटना रविवार सुबह 5:20 बजे के आसपास हुई जब लैंडिंग से ठीक पहले राजवीर ने कंट्रोल रूम को आखिरी मैसेज भेजा 'लेफ्ट टर्न कर रहा हूं।' इसके कुछ ही क्षण बाद हेलिकॉप्टर जंगल में क्रैश हो गया।

राजवीर पिछले नौ महीने से आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड में पायलट के तौर पर कार्यरत थे। यह कंपनी केदारनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराती है। हादसे की वजह खराब मौसम को माना जा रहा है। राजवीर ने रविवार सुबह केदारनाथ से गौरीकुंड के लिए उड़ान भरी थी। गढ़वाल रेंज के आईजी ने बताया शवों की पहचान करना बेहद मुश्किल हो रहा है। शव जल चुके हैं, इसलिए पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है और रिपोर्ट के बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। राजवीर जयपुर के शास्त्री नगर कॉलोनी के निवासी थे।



### ● मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजवीर के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि यह जनहानि का सामाचार अत्यन्त दुखद है। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने राजवीर के घर पहुंचकर शोक जताया और कहा कि चौहान की देशभक्ति, सेवा और बलिदान को सदैव नमन रहेगा। केंद्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ समेत कई जनप्रतिनिधियों और सैन्य अधिकारियों ने भी इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया। हादसे में राजवीर सिंह (पायलट), विक्रम रावत (उत्तराखंड), विनोद देवी (उत्तर प्रदेश), तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश), राजकुमार सुरेश (गुजरात), श्रद्धा जयसवाल (महाराष्ट्र), राशि (महाराष्ट्र) की मौत हो गई।

### ● पिता बोले... बेटा मुझे फादर्स-डे विश भी नहीं कर पाया

राजवीर के पिता गोविंद सिंह चौहान, जो बीएसएनएल से रिटायर्ड हैं, ने बताया कि हादसे की खबर मिलते ही उन्होंने बहू से सच्चाई छुपाने की कोशिश की, लेकिन देर तक यह मुमकिन नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, ₹आज फादर्स डे है, और इस दिन मेरे बेटे की मौत की खबर आई। वह मुझे विश भी नहीं कर पाया₹ यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। राजवीर के पास सेना में रहते हुए 2000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग अनुभव था। वे पठानकोट में आर्मी एविएशन में तैनात थे और पिछले वर्ष सितंबर में रिटायर हुए थे। इसके बाद उन्होंने प्राइवेट एविएशन सेक्टर में कॅरिअर शुरू किया। वे सेना में 14 साल तक सेवा देने के बाद लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी पत्नी दीपिका चौहान भी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। चार महीने पहले ही यह दंपती जुड़वां बेटों के माता-पिता बने थे। परिवार 30 जून को उनके जलवा पूजन की तैयारियों में जुटा था। राजवीर की असामयिक मौत से शास्त्री नगर की राणा कॉलोनी में शोक की लहर है। दिनभर परिजन, मित्र और पड़ोसी उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचते रहे।

# गुप्तकाशी जा रहा हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, सभी सात लोगों की मौत

- सुबह 5.21 बजे केदारनाथ से टेकऑफ हुआ था आर्यन का हेलिकॉप्टर
- खराब मौसम को बताया जा रहा है हेलिकॉप्टर दुर्घटना का कारण

एजेंसी

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहा हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के ऊपरी तरफ गौरी माई खर्क में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 23 माह की बालिका सहित 7 लोगों की मौत हो गई। खराब मौसम को हेलिकॉप्टर दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शवों को बरामद किया। रविवार सुबह 5.21 बजे केदारनाथ हेलिपैड से आर्यन हेली कंपनी के हेलिकॉप्टर ने छह यात्रियों के साथ गुप्तकाशी के लिए टेकऑफ किया था। करीब 4 मिनट बाद यह हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के ठीक ऊपर गौर माई खर्क में खराब मौसम के कारण एक पेड़ से टकरा गया। हादसे में पायलट सहित हेलीकॉप्टर में सवार सभी छह यात्रियों की मौके पर मौत हो गई।

हादसे में मरने वालों में राजकुमार सुरेश जयसवाल (41) निवासी नंदीपेरा रोड सैन मंदिर महाराष्ट्र, श्रद्धा सुरेश जयसवाल (35), काशी (23 महीने) पुत्री राजकुमार सुरेश जयसवाल, विक्रम सिंह रावत (46) निवासी रांसी गांव पो. ऊखीमठ रुद्रप्रयाग, पायटल कैप्टर राजीव, राजस्थान, विनोद देवी (66), निवासी बिजनौर यूपी और तुष्टि सिंह (19) शामिल हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू में जुट गये। सभी शवों को बरामद किया गया। घटनास्थल पर हेलिकॉप्टर का मलबा पड़ा है, जो बुरी तरह से जला हुआ है। केदारनाथ यात्रा हेलिकॉप्टर सेवा नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर अचानक पेड़ से टकरा गया, जिससे यह हादसा हुआ है। घटना के बारे में सभी के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इधर, जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने बताया कि दुर्घटना में मारे गये लोगों के शव का पंचनामा भरकर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



### केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना

बता दें कि केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। इससे पूर्व 17 मई को एम्स ऋषिकेश की हेली एंबुलेस संजीवनी की केदारनाथ के पास इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर की टेल रोटर भी क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं, बीते 7 जून को बडासू से केदारनाथ के लिए टेकऑफ करते समय क्रिस्टल कंपनी के हेलिकॉप्टर की रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर में पायलट सहित छह लोग सवार थे।

### मुख्यमंत्री धामी ने एसओपी बनाने के दिए निर्देश



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लिया है। उन्होंने हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए, जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए, जो हेली संचालन की सभी तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व आज के हेली क्रैश की भी गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। यह समिति प्रत्येक घटना के कारणों की गहराई से जांच करेगी और दोषी व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की संस्तुति करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### श्रद्धालुओं की मौत पर मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दुख जताया

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना होने पर श्रद्धालुओं की हुई मौत पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से श्रद्धालुओं की मृत्यु की दुःखद सूचना मिली है। मरांग बुरु दिवगंत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण सात श्रद्धालुओं के हताहत होने की दुखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक-संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक एंबुलेंस आगे जा रही एक गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हुआ है।पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। शुकुल बाजार के थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 59.7 किलोमीटर पर आज सुबह करीब 5:30 बजे पिकअप वाहन में पीछे से आई तेज रफ्तार एंबुलेंस घुस गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार छह लोगों में से चालक सहित पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सरफराज निवासी नालहर हरियाणा, आबिद पुत्र हामिद फिरोजपुर, हरियाणा, राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश पुत्र अशोक शर्मा एवं रवि शर्मा पुत्र बलराम शर्मा निवासीगण रामभद्रपुर थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार और पांचवां फुलो शर्मा रवि टोला थाना हथौड़ी जिला समस्तीपुर बिहार के रहने वाले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एंबुलेंस सवार शंभू राय पुत्र योगेश्वर राय निवासी पुरनाही थाना वारिसनगर समस्तीपुर बिहार गंभीर रूप से घायल है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गोदावरी नदी में डूबने से पांच युवकों की मौत

**बासर।** तेलंगाना के निर्मल जिले के बासर तीर्थस्थल गोदावरी नदी के तट पर नहाने के दौरान पांच युवकों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। गोदावरी नदी के तट पर स्थित सरस्वती माता का यह मंदिर काफी प्राचीन माना जाता है। बच्चों को शिक्षा प्रारंभ करने से पहले अक्षराभिषेक के लिए यहां पर लाया जाता है। मान्यता है कि बच्चे के जीवन के पहले अक्षर यहां लिखवाने से बच्चे का शैक्षिक जीवन सदैव सफल रहता है। इसी क्रम हैदराबाद से तीन परिवार के 18 सदस्य इस धार्मिक कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। इस बीच गोदावरी नदी में नहाने के दौरान पांच युवकों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। इनकी पहचान हैदराबाद के चिंतल निवासी राकेश, विनोद, मदन, रुतिक और भरत के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भैंसा सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों शव कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी विरेन्द्र वनवासी (35 वर्ष), उसकी पत्नी पार्वती (32 वर्ष) और दो बेटियां राधा एवं करिश्मा एक झोपड़ी में सो रहे थे। देर रात अचानक मौसम बदला और आकाशीय बिजली गिरने से इन सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस टीम एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। सहायक पुलिस आयुक्त बारा ने बताया कि चारों शवों को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्त : अमित शाह

- योगी आदित्यनाथ को बताया प्रदेश का सबसे सफल सीएम
- मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया

एजेंसी

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान के तीन आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को ध्वस्त कर दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को लखनऊ में वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई।



### देश का सबसे बड़ा है यूपी पुलिस बल

अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिस बल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

### योगी सरकार में कानून व्यवस्था में हुआ सुधार

केन्द्रीय मंत्री शाह ने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया। उन्होंने कहा कि योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तनकारी युग की शुरूआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया।

### पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना

केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया।

# पुणे में इंद्रायणी नदी का पुल ढहने से 5 पर्यटकों की मौत



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के मावल तालुका स्थित कुंडमाला क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में इंद्रायणी नदी पर बने पुल का आधा हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया, जिससे उस वक्त पुल पर खड़े कई लोग नदी में गिर गए। घटना के समय मौके पर भारी भीड़ थी और शुरुआती जानकारी के मुताबिक 20 से 25 लोग लापता हैं और उनके नदी में बहने की आशंका जताई जा रही है। आधिकारिक तौर पर इस घटना में पांच लोगों के मरने की पुष्टि की गयी है जबकि कई के बहने की आशंका जताई गई है। वहीं रेस्क्यू टीम ने पांच से छह लोगों को बचाया है। बताया जाता है कि यह दुर्घटना रविवार अपराह्न लगभग 3:40 बजे की है। जब पुल का एक हिस्सा टूटा, तो कुछ लोग नीचे मौजूद पत्थरों पर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं कई लोग सीधे नदी की तेज धारा में बह गए। नदी में बहाव काफी तेज होने के कारण राहत कार्य में भी दिक्कतें आ रही हैं। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों को भी राहत और बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है। यह हादसा अचानक हुआ और लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

### 20 से 25 लोगों के बहने की आशंका

# मादक पदार्थ व हथियार बरामद, पांच गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त कार्रवाई से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के नेटवर्क को तगड़ा झटका लगा है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि चलाए जा रहे अभियानों में कई अहम बरामदगी और गिरफ्तारियां हुई हैं।

अभियान के दौरान तेंगनौपाल ज़िले के सीता मोटर व्हीकल चेक पोस्ट पर एक मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार को रोका गया। तलाशी में कार से करीब 4.152 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की गई। कार में सवार चार लोगों मोहम्मद आजाद खान, मोहम्मद मक्सूद, अलीना बीबी (तीनों लिलोंग, थौबल ज़िला से) और हैट्सी जो (चेलप गांव, तेंगनौपाल से) को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से छह मोबाइल फोन और दो आधार कार्ड भी जब्त किए गए। अन्य अभियान में लिलोंग निवासी मककमयुम बोबॉय उर्फ सादम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 41 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर (हेरोइन) मिली। इसी दौरान खोंगजम थाना क्षेत्र के तहत तेंथा समुचिंग इलाके से सुरक्षा बलों ने एक .303 रायफल, 7.62 मिमी एसएलआर, 48 जिंदा कारतूस, टियर स्मोक शेल और दंगा नियंत्रण कारतूस बरामद किए।

# मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

एजेंसी

**साइप्रस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लानार्का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे।



साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर श्री मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, 'साइप्रस में पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मेरा आभार व्यक्त किया है। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी।'

# सौ दिन चले ढाई कोस

27 साल के लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी सरकार के सौ दिनों के जश्न पर कहा जा सकता है कि सौ दिन चले ढाई कोस। कायदे में किसी भी सरकार के कामकाज को परखने के लिए सौ दिन काफी कम होते हैं। तब यह और चुनौतीपूर्ण हो गया है जब 27 साल के लंबे इंतजार के बाद भाजपा को दिल्ली सरकार में वापसी का अवसर मिला। इतना ही नहीं दिल्ली में ही लगातार लोकसभा और कई बार नगर निगम जीतने के बावजूद दिल्ली विधानसभा में उसे सफलता नहीं मिल रही थी। इसके चलते चुनाव प्रचार में भाजपा ने वायदों का अंबार लगा दिया। इस बार भी चुनाव में कोई मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया और चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर लड़ा गया। चुनाव में भाजपा को केवल दो फीसदी के अंतर से सत्ता मिली। जिन्हें विधानसभा का टिकट मिलने और कई बार पराजित होने के चलते जीतने का पहले से पूरा भरोसा न था, वे ही मंत्री और मुख्यमंत्री बने।

सरकार के सौ दिनों का जश्न भी अलग अंदाज में मनाया गया। 31 मई को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के मंच पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का फिल्म अभिनेता अनुपम खेर लाइव साक्षात्कार ले रहे थे और बाकी मंत्री मंच के नीचे बैठे थे। कार्यक्रम के अंत में सभी मंत्री मंच पर आए और उनका ग्रुप फोटो मुख्यमंत्री और अनुपम खेर के साथ खींचा गया। नारा दिया गया–सौ दिन सेवा के। एक दिन पहले 30 मई को मुख्यमंत्री गुप्ता ने अपने सहयोगी मंत्रियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार के सौ दिनों के जश्न की शुरूआत की। तभी से हर संचार माध्यमों और सोशल मीडिया पर रेखा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया जाने लगा है। पहली जून को रेखा गुप्ता चुनावी संकल्प पूरा करने के लिए हरिद्वार गंगा स्नान कर आईं। प्रेस कॉन्फ्रेंस और आयोजन में सरकार ने अपना वर्कबुक जारी किया। दावा किया गया कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दिल्ली के सुनहरे भविष्य की नींव रखी है। वहीं, विधानसभा में विपक्ष की नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी का आरोप है कि भाजपा सरकार ने अपना एक भी चुनावी वायदा नहीं पूरा किया। महिलाओं को पेंशन देने से लेकर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बेहतर करना अभी तक पूरा नहीं हुआ। सौ दिनों में ही दिल्ली सरकार पटरी से उतर गयी।

विपक्ष के आरोप भले राजनीतिक हों लेकिन वास्तव में इस सरकार ने 25 मार्च को एक लाख करोड़ का बजट लाकर जो वातावरण बनाया था, वह धरातल पर अभी उतरता नहीं दिख रहा है। केन्द्र में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार है ही, दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही दिल्ली नगर निगम में भी भाजपा का मेयर बन गया। अब तो निगम के 15 निगम पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से अलग होकर अलग दल ही बना लिया। इक्का–दुक्का पार्षद तो साल भर से आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा के साथ आते रहे हैं। कायदे में तो काफी दिन से भाजपा निगम में भी बहुमत में आ गई थी। यानी दिल्ली में हर स्तर पर शासन में भाजपा के होने के बावजूद सरकार की पहचान दिल्ली में न दिखाई देना लोगों को अखरने लगा है। जिस आआपा पर भाजपा हर समय चुनावी मोड में होने का आरोप लगाती रही है, वही आरोप उसपर आम आदमी पार्टी और हाशिए पर चली गई कांग्रेस लगा रही है। अपने वायदे के मुताबिक दिल्ली की नयी सरकार की पहली मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली में भी आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला लिया गया। बताया गया कि अब तक तीन लाख दस हजार पात्र लोगों का इस योजना में पंजीकरण कर दिया गया है। महिलाओं को पेंशन देना यानी महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पात्र लोगों को चिह्नित करने का काम शुरू हो गया है। सड़कों के मरम्मत के लिए बजट आवंटित कर दिए गए हैं। मानसून से पहले 250 किलोमीटर सड़क के मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने के लिए वायु प्रदूषण शमन योजना बनाई गई है।

सरकार का फोकस दिल्ली की साफ–सफाई पर है लेकिन नालों को साफ करके कचरा किनारे रखने से संकट बढ़ेगा। बरसात होते ही फिर से कचरा नालों में जाएगा और फिर से सड़कों पर पानी जमा होगा। हर बरसात में दिल्ली का शोपीस बना मिंटो ब्रिज अब दोनों तरफ की सड़कों से काफी नीचे हो गया है। उसपर जलजमाव न होने का एक ही उपाय है कि उस पर फ्लाई ओवर बने। यह सालों से कहा जा रहा है लेकिन तय कब होगा, किसी को पता नहीं है। सही हालात तो यह है कि अभी बजट पास होने और उसके आवंटन के बाद समय कम मिला है इसलिए अभी मुख्यमंत्री या मंत्री दावे करने के बजाए बुनियादी कामों पर ज्यादा ध्यान दें। आम आदमी पार्टी के हारने के कई कारणों में एक काम यह माना जाता है कि उसकी सरकार ने दिल्ली की मूल ढांचे की बेहतरी के लिए ठोस काम नहीं किए। लेकिन उसके कुछ अच्छे कामों में से एक काम प्राइवेट स्कूलों की फीस पर नियंत्रण रखना था। आम आदमी पार्टी की सरकार जाते ही प्राइवेट स्कूलों ने बेहिसाब फीस बढ़ा दी। भाजपा सरकार को इसके विरोध में सड़कों पर उतरे लोगों को शांत करने के लिए मजबूरन कठोर कदम उठाने पड़े। सरकार फीस रेगुलेटरी बिल लेकर आई। तब जाकर माहौल बदला। यह सरकार को सोचना होगा कि ऐसा क्यों हुआ और आगे किसी और मामले में ऐसा न हो। कुछ काम निश्चित रूप से दिल्ली की ठोस बुनियाद के लिए शुरू हुए हैं। सीएम श्री योजना के तहत 70 विश्वस्तरीय स्कूल खोले जाएंगे और आम आदमी पार्टी सरकार के 500 मोहल्ला क्लीनिक के बदले 1100 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे। इसकी शुरुआत भी हो गई है लेकिन इस सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। सबसे बड़ी चुनौती तो दिल्ली में अपने काम से बड़ी लकीर खींचने की है। अभी भी 15 साल के शासन में जो उपलब्धि कांग्रेस शासन में शीला दीक्षित ने हासिल कर ली थी, वह किसी और नेता के लिए चुनौती है। पहली बार विधायक बनकर मुख्यमंत्री बनीं रेखा गुप्ता के लिए यह चुनौती काफी बड़ी है। उनकी टीम में उनसे वरिष्ठ नेता तो हैं ही, ऐसे अनेक नेता हैं जिनको हर मामले में उनसे ज्यादा अनुभव है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की सक्रियता से कई नेता परेशान हैं। भाजपा दिल्ली में विधानसभा बनने के बाद हुए पहले चुनाव यानी 1993 में सत्ता में आई थी। आपसी विवाद आदि के चलते पांच साल में भाजपा को तीन मुख्यमंत्री बदलना पड़ा। 1998 में दिल्ली की सत्ता से बेदखल होने के बाद इस बार वह सत्ता में लौट पाई है।

इस बार भाजपा बिना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए चुनाव लड़ी और 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 45.86 फीसदी वोट और 48 सीटों के साथ सत्ता में वापसी की। दस साल से दिल्ली में सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी का वैसे तो वोट औसत काफी (करीब दस फीसद) घटा लेकिन भाजपा के मुकाबले दो फीसदी कम यानी 43.57 फीसदी पर रह गई। उसकी सीटें केवल 22 रह गईं। अभी आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में है और उसके विधायक गुजरात में भी हैं। इसी के चलते पार्टी अपने स्थापना के पांच साल में ही राष्ट्रीय पार्टी बन गई। चुनाव नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल काफी संभल कर बोल रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने दिल्ली को पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को विपक्ष का नेता बना कर और सौरभ भारद्वाज को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर सौंप दिया है। वे ज्यादा समय पंजाब आदि राज्यों में दे रहे हैं। केजरीवाल समेत पार्टी के बड़े नेताओं पर शराब घोटाले समेत कई मामले चल रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है।

# साहित्य ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदयनारायण दीक्षित

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है। डॉ. बीआर आम्बेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डा. आम्बेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे।

असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है।



लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था। डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, ''आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।'' आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, ''शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।'' प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धांतों का खंडन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है। जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूँ जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञ-ासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत अध्ययन का विकल्प नहीं है।

अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? +ग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें-कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। +ग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कः पंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, ''वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनों येन गता स पंथः।'' शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, ''ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।'' उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।''

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# खेत-किसानः गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने-कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देश की खुशहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हालांकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल, अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी विडम्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है।

इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज औने-औने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आढ़तिये को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देश में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हालांकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ट प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितैषी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए। कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राशि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इस तरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढ़ेगी और इसका लाभ देश को ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रबी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किये जाने चाहिए। यहां तक कि कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में स्थानीय नवाचारी किसानों के खेत को बतौर प्रयोगशाला भ्रमण कराया जाना चाहिए ताकि एक दूसरे के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवाचारी किसानों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सोनम या मुस्कान नहीं बन सकती भारतीय नारी की पहचान!



मनोज कुमार अग्रवाल

अतिरिक्त विवाहेत्तर संबंधो के चलते पति को मौत देने वाली सोनम रघुवंशी या मुस्कान रस्तोगी कभी भारतीय नारी की पहचान नही बन सकेंगी ये सिर्फ एक शार्ट टाइम क्राइम वेव है जो गुजर जाएगी। कई बार इस तरह की अपराधिक लहर समाज में आती हैं लगातार एक ही पैटर्न पर कुछ क्राइम वारदात होती है फिर इस तरह की वारदातों की वेव्स शांत हो जाती हैं। इन दिनों लगातार एक्स्ट्रा मैरेटियल लव अफेयर्स के चलते पतियों की हत्या की लहर चल रही है शिलॉन्ग में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी हत्याकांड ने सभी को झकझोर दिया है। इस हत्याकांड की तमाम साजिश राजा की नवविवाहिता पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर तैयार की और उसे बेहद शातिराना तरीके से अंजाम भी दिया। लेकिन हर अपराधी अपराध करने के दौरान कोई न कोई सबूत छोड़ जाता है ऐसा ही सोनम के साथ हुआ और मेघालय पुलिस तमाम आरोप और आलोचना को चुपचाप जहर की तरह पीकर आपरेशन हनीमून की तफ्तीश में शिद्दत से लगी रही और राजा रघुवंशी हत्याकांड का जो खुलासा किया उससे आंखें खुली की खुली रह गईं।

दरअसल शादी से पहले सोनम और राज के बीच अफेयर था. राज इंदौर में सोनम के पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था, जहां दोनों की मुलाकात हुई और प्यार हो गया. सोनम से उम्र में राज पांच साल छोटा है. पुलिस के मुताबिक,सोनम और राज ने हत्या की साजिश रची और भाड़े के लोगों को सुपारी दी गई. इसी प्रेम के चलते यह खौफनाक कदम उठाया गया। मेघालय के डीजीपी आई नोंगरांग ने बताया कि राजा की बेवफा पत्नी सोनम ने जब कानून के हाथ खुद तक पहुचते महसूस किये और बचने के रास्ते नहीं रहे तब उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में चाय वाले के यहां पहुंच कर खुद के अगुआ होने और यहा छोड़ जाने का आखिरी पासा फेंका जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। वहीं कई दिन छापेमारी के बाद चार अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। होटल, हनीमून और फिर मर्डर केस में जिस तरह से बड़ा खुलासा सामने आया वो चौंकाने वाला है।

इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है जिसमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी. ऐसे ही मामलों के बारे में आपको बताते हैं जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई है। अभी राजा हत्याकांड का खुलासा हो ही रहा है कि 11जून को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में सामने आए ऐसे ही एक और मामले ने सनसनी फैला दी है। यहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसका शव फेंक दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि महिला पति





को बलरामपुर ले गई और वहां नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी की मदद से उसे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया था।कन्नन से 18 साल पहले संगीता की शादी हुई थी। शादी के बाद कन्नन और संगीता का 12 साल का एक बेटा भी है। इस दौरान संगीता अनिल शुक्ला उर्फ विवेक निवासी लक्षणपुर धर्मपुर थाना ललिया से प्रेम भी करती रही।

इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में भी सामने आया, जहां शादी के 15 दिन बाद ही पति का मर्डर कर दिया गया। औरैया में दिलीप नाम के युवक की शादी के 15 दिन बाद ही हत्या कर दी गई। इस हत्या की साजिश दिलीप की पत्नी प्रगति ने अपने प्रेमी अनुराग के साथ मिलकर रची थी। प्रगति और अनुराग पिछले चार साल से रिलेशन में थे। प्रगति किसी भी हाल में अनुराग को पाना चाहती थी। ऐसे में उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली। शादी के 15 दिन बाद 19 मार्च को दिलीप को गोली मारी गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रगति और अनुराग को गिरफ्तार कर लिया।

मेरठ का सौरभ हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था। 3 मार्च की रात मुस्कान ने अपने बॉयफ्रेंड साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी।उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड सामने आया था, जिसमें सौरभ की पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने ही पति को रास्ते से हटा दिया। ये मर्डर केस इतना खौफनाक था कि सौरभ के शव को कई टुकड़ों में काटा और नीले रंग के ड्रम में भरकर सीमेंट से जमा दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया और मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

इसी तरह का मामला देवरिया में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई इसी साल 2025 के अप्रैल के महीने में उत्तर प्रदेश के देवरिया में दिल दहला देने वाली घटना हुई. यहा एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या कर दी और शव को दो टुकड़ों में काटकर ट्रॉली बैग में भरकर ठिकाने लगाने की कोशिश की. 38 वर्षीय नौशाद अहमद नामक पीड़ित 10 दिन पहले ही दुबई से लौटा था। बलिया में प्रेमी के प्यार में पागल 50 साल की महिला ने अपने पति को मौत के घाट उतार दिया. उसने भी हैवानियत की हदें पार कर दी थीं. महिला ने न सिर्फ अपने की हत्या की बल्कि उसके शव को 6 टुकड़ों में काटा और फिर घाघरा नदी के किनारे फेंक दिया. इसके बाद वो खुद ही पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने पहुंच गई थी. पुलिस ने छानबीन की तो उसके पति का शव बरामद हुआ. तब जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया.

मेरठ में अमित कुमार की हत्या उसकी पत्नी रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की थी. हत्या को हादसा दिखाने के लिए रविता ने अमित के शव के पास सांप रख दिया और कहा कि उसकी मौत सांप के काटने से हुई है. लेकिन इसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई और सच छिप न सका. जांच में पता चला कि रविता और अमरदीप ने मिलकर अमित की गला घोंटकर हत्या की थी.

ऐसे की एक केस आगरा जिले से आया था, जिसमें 11 मार्च 2025 को महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति का गला घोंटकर हत्या कर दी. सिर्फ इतना ही नहीं इसके बाद वो अपने पति के शव को ऑटो में रखकर 65 किलोमीटर दूर मथुरा जिले में फेंक आई थी. दरअसल महिला का एंबुलेंस ड्राइवर के साथ अफेयर चल रहा था।

जाहिर है कि इस तरह की वारदातों की झड़ी लगी है जिनमें विवाहित महिलाएं एक्स्ट्रा मैरेटियल अथवा लव अफेयर्स यानि अतिरिक्त विवाहेत्तर प्रेम संबंधो के चलते अपने पति की नृशंसता से जान ले रहीं हैं। दरकते दाम्पत्य और भरोसे के कत्ल से विवाह संस्कार पर संदेह और विश्वास का संकट पैदा होने का खतरा बढ़ गया है। क्या यह एक प्रगति की दोड़ में शामिल समाज के पतन की शुरुआत है।लेकिन आज भी करोड़ों युवतियां लाख मुसीबतों का सामना करने के बावजूद दाम्पत्य जीवन का निर्वाह खुशी खुशी करती है सोनम या मुस्कान लड़कियों की आइडियल कभी नहीं हो सकेगी भारतीय नारी की आदर्श सीता सावित्री गार्गी और रानी लक्ष्मी बाई ही रहेंगी ।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# भाजपा ने मनाया मोदी सरकार के 11 स्वर्णिम वर्षों का उत्सव, संकल्प से सिद्धि कार्यशाला आयोजित

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** भाजपा मंडल बिजौली के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए 'संकल्प से सिद्धि' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक ऋषिपाल सिंह बिधूड़ी ने की, जबकि संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह गुर्जर ने किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, और यह देश पुनः ₹विश्व गुरु₹ बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग, हर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान भी विकसित, हरित व समृद्ध राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता व दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक के. जी. तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, मुनेंद्र सिंह बैसला, गोपाल कोली, बृजेश गुर्जर, दिलीप सिंह, श्रीराम कुशवाहा, भगवान स्वरूप, देशों चंदेल, सतीश, और अन्य मंडल पदाधिकारी शामिल रहे। मंडल संयोजक ने सभी का आभार जताया।



## संक्षिप्त समाचार

### सचिन पायलट ने केदारनाथ में हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर जताया शोक



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताते हुए अपने शोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि ''केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश में जयपुर निवासी पायलट श्री राजवीर सिंह सहित श्रद्धालुओं के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवारों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।''

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री फलौदी दौरा

- वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की कलेक्ट्रेट में करेंगे समीक्षा
- शेखासर तालाब पर करेंगे जल पूजन, वृक्षारोपण व श्रमदान



**चमकता राजस्थान/फलौदी/ अनिल पुष्करणा।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा सोमवार को फलौदी जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित दौरे अनुसार मंत्री जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ₹वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान₹ की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में करेंगे। इसके बाद शेखासर तालाब पर जल पूजन, वृक्षारोपण व श्रमदान कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### नीट परीक्षा 2025 में निशा मीना की शानदार सफलता, ST कैटेगरी में पाई 217वीं रैंक

**चमकता राजस्थान/ गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी की शिक्षा जगत से जुड़ी एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है। गांव तिखुटी, सपोटरा निवासी निशा कुमारी मीना, पुत्री राजीव मीना, ने नीट यूजी परीक्षा 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। निशा ने 720 में से 510 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 41446वीं रैंक, तथा एसटी (रळ) कैटेगरी में 217वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है।




विशेष बात यह रही कि निशा ने यह सफलता पहले ही प्रयास में, कक्षा 12वीं के साथ-साथ हासिल की। उन्होंने पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया और मोबाइल से दूरी बनाए रखी और पूरी लगन व अनुशासन से तैयारी की। निशा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनकी सफलता से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। निशा की यह सफलता अन्य ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए भी एक मिसाल बनकर सामने आई है।

### राजस्थान के अमित कुमार कर्दम को मिला नेशनल यूथ आइकन अवॉर्ड 2025



**चमकता राजस्थान/ भरतपुर।** भरतपुर जिले से जुड़ी गर्व की खबर है। नारायण हरि सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमित कुमार कर्दम को उनके सामाजिक कार्यों के लिए नेशनल यूथ आइकन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी, दिल्ली द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामावतार शर्मा (एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट), मिस किरण सेठी (दिल्ली पुलिस की सिंघम लेडी), मिस्टर शिव कुमार कोहली, सेल्फ डिफेंस ट्रेनर ऑफ इंडिया और डॉ. गंगाला विजय कुमार प्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक रहे।

अमित कुमार कर्दम को यह सम्मान राजस्थान में उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए मिला। इनमें सभी धर्मों और समाजों को साथ लेकर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करना, गरीब और अनाथ बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण, गर्मी में पक्षियों के लिए परिंदे और प्याऊ लगाना, पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण और देखभाल जैसे कार्य शामिल हैं। उनकी सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सराहते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया, जिससे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है. नेशनल- यूथ आइकन-अवॉर्ड-2025
#मैजिकबुकऑफरिकॉर्डएंड आर्ट्सयूनिवर्सिटी- दिल्ली

# जयपुर में समर कैम्प का समापन, पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा रहे मुख्य अतिथि

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर के प्रतिष्ठित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, विधाश्रम स्कूल में शनिवार को समर कैम्प-2025 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।

15 मई से प्रारंभ हुआ यह समर कैंप पूरे एक महीने तक चला, जिसके माध्यम से जयपुर शहर के कई स्कूलों को कवर करते हुए विद्यार्थियों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज से जोड़ा गया। उन्हें मेहंदी, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग तथा कला क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया गया।

इस कैंप का आयोजन नारायणा हेल्थ और कान्हा जी हेल्थ एंड केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें आडवाणी चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। आयोजन में हितेश आडवाणी और घनश्याम मुलानी ने प्रमुख भूमिका निभाई, और उनकी टीम के सभी सदस्यों ने उत्कृष्ट समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

कैंप का समापन कार्यक्रम महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्टेपिंग स्टोन्स पब्लिक स्कूल, राजहंस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जैसे सम्मानित संस्थानों ने भी सहयोग प्रदान किया।

राजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी, उन्होंने करियर निर्माण में पढ़ाई के साथ - साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज का महत्व समझाया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। समर कैम्प के दौरान आयोजित गतिविधियों ने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## विजयनगर के धीरज विश्नोई ने नीट यूजी 2025 में पाया चयन, ऑल इंडिया रैंक में 3007

- बहन सुमन के बाद अब भाई ने भी रचा इतिहास



**चमकता राजस्थान/फलोदी/ अनिल पुष्करणा।** जिले के विजयनगर गांव के होनहार छात्र धीरज विश्नोई ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 3007 तथा जनरल कैटेगरी में 1586 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।

धीरज की इस उपलब्धि को खास बनाता है कि उनकी बड़ी बहन सुमन पहले ही नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस की पढ़ाई एस एन मेडिकल कॉलेज जोधपुर से कर रही हैं। अब भाई के चयन से परिवार में दोहरे खुशी का माहौल है। धीरज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन सुमन और शिक्षकों को देते हुए कहा– बहन सुमन मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रही हैं। मैंने बचपन से देखा कि उन्होंने कठिन परिश्रम कर नीट में चयन पाया, वही प्रेरणा मुझे मिली और परिवार के सहयोग से यह सफलता मिली। धीरज के पिता शैतानसिंह जो कि एक सरकारी विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक है और माता ऐलची देवी गृहणी है उन्होंने कहा कि हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे दोनों बच्चे अब डॉक्टर बनने की राह पर हैं। बच्चों ने परिवार और पूरे विजयनगर गांव के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है।''

धीरज विश्नोई की इस सफलता पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने धीरज और उसके परिवार को शुभकामनाएं दी और उज्वल भविष्य की कामना की।उधर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जांबा ढाणी के व्याख्याता बुध राम कड़वासरा ने बताया यह बालक धीरज ने कक्षा 9,10 में हमारे विद्यालय में अध्ययन किया।फिर सीकर अन्यत्र आगे गए।भाई धीरज ने हमारी स्कूल का नाम भी रोशन किया।हमारे विद्यालय परिवार का सीना गर्व से ऊंचा हुआ है।

जांबा महंत भगवान दास,महंत प्रेमदास अखेराज खत्री सहित प्रबुद्ध नागरिकों ने खुशी जाहिर कर के उज्वल भविष्य की कामना कि है ।

## कैथई आश्रम पर देवी भागवत कथा जारी, 19 जून को विशाल भंडारे में पधारने का जनवेद गिरी महाराज ने किया आग्रह



**चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ी एक प्रमुख खबर सामने आई है। कैथई आश्रम चंबल किनारे पर संत श्री श्री 108 श्री जनवेद गिरी महाराज जी के सान्निध्य में श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री श्री 1008 श्री हरीगिरी महाराज जी के आशीर्वाद से 9 जून 2025 से प्रारंभ हुआ है, जिसमें शास्त्री श्री श्याम शरण पाराशर वृंदावन वाले द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु जुट रहे हैं। अब मात्र तीन दिवस शेष बचे हैं, इसलिए महाराज श्री ने मातृशक्ति, 66युवाओं एवं समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है। जनवेद गिरी महाराज जी ने बताया कि देवी भागवत कथा सुनने से मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक ऊर्जा प्राप्त होती है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इस धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर 19 जून 2025, गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा है। महाराज जी ने भक्तजनों से आ''ान किया है कि वे भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने अवशय पधारें। जनवेद गिरी महाराज जी और उनके गुरु श्री हरीगिरी महाराज जी के निर्देशन में शराबबंदी, दहेज प्रथा उन्मूलन, शिक्षा जागरूकता, आपसी सौहार्द, पर्यावरण संरक्षण और जल बचाव जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का संदेश भी दे रहा है।

## वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले में आज 15 जून 2025 को ₹वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस₹ के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर द्वारा विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में किया गया।द्द

मुख्य कार्यक्रम वृद्धाश्रम, हाउसिंग बोर्ड, धौलपुर में हुआ, जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 2 सुश्री करूणा ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 तथा निःशुल्क विधिक सहायता अधिनियम 1987 की जानकारी दी और टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 के बारे में बताया। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पेंशन योजना, तीर्थ यात्रा योजना, फ्री मेडिसिन स्कीम आदि पर जानकारी दी। दीपक सिंह सिकरवार, सुरेन्द्र सिंह, वृद्धाश्रम स्टाफ व निवासी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा और ग्राम भगपुरा सहित कई स्थानों पर पैरालीगल वॉलंटियर्स व पैनल अधिवक्ताओं द्वारा भी विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## ऑपरेशन ''धरभरकर'' के तहत डीएसटी फलोदी को मिली सफलता।

- 0044 गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार।
- अपहरण, मारपीट कर वीडियो वायरल करने व नहर में डालने के प्रयास के प्रकरण में थे वांछित।



**चमकता राजस्थान/फलोदी/ अनिल पुष्करणा।** ऑपरेषन ''धरभरकर'' के तहत डीएसटी फलोदी ने 0044 गैंग के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया । दोनों गुर्गों का अपहरण, मारपीट कर वीडियो वायरल करने व नहर में डालने के प्रयास के प्रकरण में वांछित थे । जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी श्रीमति पूजा अवाना ने बताया कि डीएसटी फलोदी ने आज सुबह कार्यवाही करते हुऐ थाना भोजासर क्षेत्र में दिनांक 24 मई को पीड़ित युवक का अपहरण कर सूनसान क्षेत्र में ले जाकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुऐ कपड़े उतार कर मारपीट कर हत्या करने के प्रकरण में पिछले 20 दिन से फरार चल रहे आरोपी दिनेश व धर्माराम को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

# पुलिस थाना बगरु की त्वरित कार्यवाही,चोरी किया गया डम्पर किया बरामद

चमकता राजस्थान

**दिनेश प्रजापत /सांगानेर/ जयपुर।** बगरू पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार आईपीएस ने बताया कि दिनांक 02.06.2025 को परिवादी विजेन्द्र कुमार पुत्र रामसहाय ने बगरु थाने में एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरी खुद की फर्म श्री बालाजी इफ्रां मकान नं. 79 अवानिया बगरु तहसील सांगानेर है मेरे इस फर्म के दो ट्रक डम्पर रोडी-बजरी में चलते है। दोनो डम्परो को ड्राईवर चलाते है और इनकी देखरेख मेरे स्वंय की रहती है मेरा एक डम्पर 1 जुन 2025 रात को 9 बजे मेरा ड्राईवर गिरधारी लाल गुर्जर, चौधरी ग्रीन हाऊस के सामने खडा करके गांव चला गया था मेरा छोटा भाई संजय दुसरे ड्राईवर को लेके 5 ए.एम. दिनांक 02.06.2025 डम्पर के पास आया तो मेरे छोटे भाई व ड्राईवर को डम्पर नही दिखा और आस पास में पुछताछ करी व चौधरी ग्रीन हाऊस के केमरो में चैक किया दो लोग डम्पर को ले जाते हुए दिखे, मैने पुलिस थाना बगरू में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातो को मध्यनजर रखते हुये, वाहन चोरी की वारदातो के रोकथाम एवं माल मुल्जिमान की तलाश हेतु आलोक सिंघल अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के निर्देशन में हेमेन्द्र शर्मा (RPS) सहायक पुलिस आयुक्त वृत बगरु जयपुर पश्चिम के सुपरविजन में मोती लाल शर्मा पु. नि. थानाधिकारी पुलिस थाना बगरु जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में विनोद कुमार हैड कानि. मुकेश कुमार कानि. हंसाराम कानि. की टीम का गठन किया गया।



घटित टीम द्वारा गये घटनास्थल के आसपास कैमरा चेक किए गए तथा संदिग्ध लोगो से पुछताछ की गई। घटना स्थल चौधरी ग्रीन हाऊस पर लगे कैमरे व नेशनल हाईवे के आस पास के प्रतिष्ठानो पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। सीसीटीवी कैमरो के आधार पर पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर मुल्जिमानो का रुट मैप तैयार कर सीसीटीवी कैमरो के आधार पर मुल्जिमानो का पीछा किया गया तथा पुलिस उपायुक्त कार्यालय जयपुर पश्चिम से तकनिकी सहायता प्राप्त की गई। तकनिकी आधार पर गनी मोहम्मद मुल्जिम के कब्जे से शनिवार को डम्पर न. RJ-14-GQ-3357 को बरामद किया

गिरफ्तार शुदा मुल्जिम से अनुसंधान जारी है एवं शेष आरोपी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार मुल्जिम गनी मोहम्मद पुत्र कमालुद्दीन जाति पिनारा (मुसलमान) उम्र 50 साल निवासी शारदा कॉलोनी के पास हरिओम कॉलोनी थाना प्रतापनगर भीलवाडा जिला भीलवाडा राजस्थान का रहने वाला है।

## संक्षिप्त खबरें

### समेकित जांच चौकी पर 11 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नवादा।** बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित समेकित जांच चौकी नवादा जिले के रजौली में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने शराब तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए एक युवक को 11 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि अवर निरीक्षक राजीव कुमार पटेल के नेतृत्व में की गई वाहन जांच के दौरान एक यात्री बस से समस्तीपुर जिले के पूसा थाना क्षेत्र निवासी कैलाश प्रसाद महतो के 26 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में आरोपी के पास से निम्न ब्रांड की शराब बरामद की गई।गोल्फर शॉट बैरल एजेड व्हिस्की (750 एमएल) 2 बोतल, लाइन डैडी ओरिजिनल डार्क रम (750 एमएल) 2 बोतल, व्हाइट एंड ब्लू प्रीमियम व्हिस्की (750 एमएल)2 बोतल, अफ्टर डार्क फाइन ग्रेन व्हिस्की (750 एमएल) 4 बोतल, पॉल जॉन इंडियन सिंगल माल्ट व्हिस्की (750 एमएल) 1 बोतल। गिरफ्तार युवक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग की सतर्कता के कारण शराब तस्करी पर लगातार नकेल कसी जा रही है।

### नि:शुल्क हृदय जांच शिविर में 30 बच्चों की हुई जांच



**भागलपुर।** जिले के तिलकामांझी स्थित मेडिफोर्ट अस्पताल में रविवार को जीवन जागृति सोसाइटी और नारायणा हॉस्पिटल कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय निःशुल्क बाल हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 30 बच्चों की हृदय संबंधी जांच की गई। नारायणा हॉस्पिटल कोलकाता से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिताभ और डॉ. ऋषिका ने बच्चों का परीक्षण किया। जांच के दौरान कुछ बच्चों में गंभीर हृदय रोग की पुष्टि हुई। जिन्हें जल्द ऑपरेशन की आवश्यकता बताई गई है। ऑपरेशन को लेकर परिजन को विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मेडिफोर्ट अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र, डॉ. अंकुर प्रियदर्शी, डॉ. राकेश कुमार मिश्रा और जीवन जागृति सोसाइटी के अध्यक्ष सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। वहीं डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि इस प्रकार के शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि समय रहते गंभीर बीमारियों से बच्चों को बचाया जा सके।

### एसएसबी के हत्थे चढ़ा बांग्लादेशी

**सिलीगुड़ी।** सीमा क्षेत्र में घूम रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने पकड़ा है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक का नाम हरिश्चंद्र रॉय है। एसएसबी ने आगे की कार्रवाई के लिए खोड़ीबाड़ी पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसएसबी अंतराम कैंप के जवानों को भारत-नेपाल सीमा पर अंतराम जोत में शनिवार देर रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए देखा। बाद में एसएसबी के जवानों ने उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल और बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद हुआ जिसके बाद व्यक्ति को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में एसएसबी के जवानों ने गिरफ्तार कर खोड़ीबाड़ी पुलिस को सौंप दिया। खोड़ीबाड़ी पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### छात्र की करंट लगने से मौत

**मुर्शिदाबाद।** जिले के सागरपाड़ा गांव में 12 वर्षीय छात्र बिप्लब हलदार की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना शनिवार को उस समय घटी जब बिप्लब यूट्यूब वीडियो देखकर घर में ही एक इलेक्ट्रिक खिलौना कार बनाने का प्रयास कर रहा था। बिप्लब सागरपाड़ा हाई स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। परिजनों के अनुसार, वह इंटरनेट से प्रेरित होकर कार्डबोर्ड बॉक्स, बोतल के ढक्कनों और लोहे की छड़ों से खिलौना कार बना रहा था। कार के पहियों के लिए उसने बोतल के ढक्कनों का और एक्सल के रूप में लोहे की छड़ों का उपयोग किया। कार को बिजली से चलाने की मंशा से उसने वायर के जरिए स्विचबोर्ड से कनेक्शन जोड़ा। जैसे ही उसने बिजली का स्विच ऑन किया, उसे जोरदार झटका लगा और वह जमीन पर गिर पड़ा। बिप्लब के पिता और चाचा उसे तुरंत गंभीर अवस्था में मोटरसाइकिल पर डोमकल उपमंडल अस्पताल ले गए डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सहकर्मी की गोली से बीएसएफ जवान की मौत

**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में शनिवार रात बीएसएफ के एक जवान ने एक अन्य जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान रतन सिंह के रूप में हुई है। रतन के शव को पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर महकमा अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपित बीएसएफ जवान को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष सूत्रों के मुताबिक, शनिवार की रात शमशेरगंज में ड्यूटी के दौरान दो बीएसएफ जवानों में कहासुनी हो गई। उसी दौरान एक बीएसएफ जवान ने अपने साथी रतन पर गोली चला दी। इस घटना से शमशेरगंज के पहाड़घाटी इलाके में हड़कंप मच गया। गोली लगने से घायल रतन को गंभीर हालत में अनूपनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे जंगीपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया. वहां इलाज के दौरान रतन की मौत हो गई।

### सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत, भीड़ ने ट्रक फूंका

**नदिया।** जिले में कृष्णानगर के दिगनगर सेनपुर इलाके में नेशनल हाईवे 12 पर रविवार सुबह रेत से लदी एक लॉरी ने एक छात्रा को कुचल दिया। छात्रा की घटनास्थल मौत हो गई। घटना के बाद आसपास का इलाका रणक्षेत्र बन गया। आरोप है कि उग्र भीड़ ने घातक वाहन को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। घटना के कारण नेशनल हाईवे पर काफी जाम लग गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह रिया विश्वास नामक कक्षा नौ की छात्रा अपने पिता के साथ सड़क पार कर रही थी। आरोप है कि एक लापरवाह रेत से लदा लॉरी यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 12 से गुजर रहा था। लॉरी ने लड़की को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# उद्योग विभाग अपनी माटी अपना रोजगार के तहत कर रही काम

एजेंसी

**अररिया।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग के मंत्री सह जिला प्रभारी नीतीश मिश्रा ने रविवार को फारबिसगंज के बियाडा क्षेत्र में स्थापित उद्योग धंधों का जायजा लिया। उन्होंने शीघ्र ही फारबिसगंज में वर्षों से लंबित औरो सुंदरम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा स्थापित स्टार्च फैक्ट्री के शुरू होने की अपेक्षा जताई। उन्होंने फैक्ट्री के मालिक अशोक चौधरी से फैक्ट्री शुरू किए जाने के मसले को लेकर लंबी बातचीत की और फैक्ट्री शुरू करने में आ रहे अड़चनों को जाना और आश्वासन दिया कि सरकार और उद्योग विभाग की ओर से उन सभी अड़चनों को दूर कर दिया जाएगा।

मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है।बिहार सरकार के औद्योगिक प्रक्षेत्र में नित्य नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं और लोगों को इससे रोजगार मिल रहा है।उन्होंने कहा कि जो लोग बिहार के बारे में उद्योग धंधों के स्थापना को लेकर नकारात्मक बोलते हैं। वे अपनी कानूनिकी सुनी नहीं,बल्कि खुद की आंखों से फारबिसगंज बियाडा क्षेत्र में स्थापित उद्योग धंधों को देखकर अपना परसेप्शन समझ सकते हैं।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का उद्योग विभाग अपनी माटी अपना रोजगार के तहत काम कर रही है।नित्य नए निवेशक बिहार में निवेश कर रहे हैं और रोजगार को बिहारियों के लिए सृजित कर रहे हैं।

उद्योग मंत्री ने कहा कि स्टार्च फैक्ट्री शुरू हो जाने के बाद न केवल अररिया जिला बल्कि कोसी,सीमांचल के साथ कई जिलों के मक्का उत्पादन करने वाले किसानों को इससे फायदा मिलेगा।स्टार्च फैक्ट्री शुरू होने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इससे पहले मंत्री के फैक्ट्री कैंपस पहुंचने पर ऑरो सुंदरम इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड के मालिक अशोक चौधरी ने उनका स्वागत बुके के साथ किया और करीबन 35 एकड़ जमीन में फैले फैक्ट्री के अलग अलग यूनिट का जायजा लिया।

बियाडा स्थिति 35 एकड़ भूमि में करीब दो सौ करोड़ की लागत से स्टार्च फैक्ट्री में प्रतिवर्ष 02 लाख टन से अधिक मक्का की खपत होगी । अररिया जिला में लाखों किसानों द्वारा करीब 03 लाख टन मक्का का उत्पादन किया जाता है। मगर सुविधा के अभाव में किसानों को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस फैक्ट्री के खुलने से सारी बाधाएं अब दूर हो जाएगी । इस संबंध में मेसर्स ऑरो सुंदरम के निदेशक अशोक चौधरी ने बताया कि फैक्ट्री के शुभारंभ होने से हजारों बेरोजगार युवाओं को काम मिलेगा वही लाखों मक्का किसान इस फैक्ट्री से सीधे जुड़ जाएंगे ।

उन्होंने बताया कि फैक्ट्री का सारा मशीन स्विट्जरलैंड स्थित बुहलर कंपनी से मंगाई गई है, जो गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि इस फैक्ट्री से मक्का आधारित कई उत्पाद भी जुड़े हुए हैं।

# सीएम ने औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरपुर, बिहटा की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का किया निरीक्षण

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले आरके शट्र्स यूनिट के निर्माण केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही यहां तैयार किये जा रहे विभिन्न किस्म के शट्र्स के निर्माण कार्यों को देखा और कार्यरत महिलाओं से बातचीत कर पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने डीवी रंजन बैग कलस्टर द्वारा तैयार की जा रही बैग की निर्माण इकाई को देखा। इस दौरान वहां कार्यरत लोगों ने मुख्यमंत्री को बैग के निर्माण की पूरी प्रक्रिया तथा निर्मित बैग को दिखाया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान पैकेज हाउस, कोल्ड स्टोरेज का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इस इंडस्ट्रीयल एरिया में कई औद्योगिक इकाइयां उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत यहां सभी वर्गों के लोग उद्यम की ओर आकर्षित हो रहे हैं और अपना रोजगार शुरू कर रहे हैं। राज्य में उद्योग के लिए अनुकूल माहौल है और राज्य सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करा रही है। हम युवाओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि आरके शट्र्स यूनिट में वर्तमान में 180 से अधिक स्थानीय युवक-युवतियां कार्यरत हैं, जो मशीन संचालन, डिजाइनिंग, सिलाई एवं पैकेजिंग जैसे कौशल कार्यों में संलग्न हैं। भविष्य में यह यूनिट लगभग 1200 कर्मियों को रोजगार देगी। आरके शट्र्स प्राइवेट लिमिटेड को 2024 में शर्ट निर्माण हेतु 37,056 वर्ग फुट में फैला शेड नंबर बी-1 आवंटित किया गया था। अप्रैल 2025 से इस यूनिट में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है।

डीवी रंजन बैग क्लस्टर हस्तनिर्मित, कैनवास, एवं कॉर्पोरेट गिफ्टिंग बैग्स के निर्माण में संलग्न है। यह इकाई महिला नेतृत्व वाले उद्यम का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं। इन महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय एनजीओ के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। यह क्लस्टर प्रतिदिन 500 से अधिक बैग्स का उत्पादन करता है, जिन्हें भारत के विभिन्न बाजारों में आपूर्ति की जाती है।

58.15 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर को फलों, सब्जियों, मसालों, हर्बल उत्पादों, मांस एवं मछली जैसी कृषि उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने, सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं निर्यात की दृष्टि से तैयार करने हेतु स्थापित किया गया है। अब तक इस केंद्र से लीची एवं जर्दालु आम का सफलतापूर्वक यूएई और कतर जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात हो चुका है। इसके अतिरिक्त हाल ही में 'गिफ्ट फ्रॉम बिहार' पहल के अंतर्गत 2,000 से अधिक प्रीमियम जर्दालु आम के बॉक्स राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों को उपहार स्वरूप भेजे गए हैं। इस केंद्र में 100 से अधिक स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार दिया गया है, जो अब सीधे कृषि-निर्यात आपूर्ति श्रृंखला में योगदान दे रहे हैं।

इन तीनों इकाइयों से 350 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है, जिनमें अधिकांश स्थानीय समुदायों से हैं। ये प्रयास समावेशी विकास को बढ़ावा देते हैं। विशेषकर महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण उद्यमिता, एवं राज्य में कुशल कार्यबल के निर्माण के माध्यम से। राज्य सरकार एमएसएमई विकास, कृषि नवाचार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को लेकर प्रतिबद्ध है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोटवा-राजपुर मार्ग पर स्थित सिसवा खरार पंचायत के बेलवाडीह गांव के समीप शनिवार रात एक ही बाइक पर सवार दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दोनों युवकों की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के जसौली पट्टी पंचायत के मधुआहा गांव के पारस भगत का 18 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार व कल्याणपुर थाना के परसौनी वाजिद पंचायत के तेंनुआ गांव निवासी दिनेश पटेल का 17 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। दोनों मननपुर गांव की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर एक घर की चारदीवारी व बिजली के पोल के बीच जाकर फंस गई। जिससे दोनो युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घंटों मशक्कत के बाद पुलिस ने बिजली के पोल और घर की चारदीवारी के बीच फंसे दोनों मृत युवकों व क्षतिग्रस्त बाइक को बाहर निकाला। उसके बाद दोनो युवकों को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही दोनो युवको के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

## अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** किशोरी के साथ गलत काम करने के बाद उसका अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर मोतिहारी नगर थाना के एक मुहल्ला निवासी किशोरी की पिता ने नगर थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। इसमें बंजरिया थाना क्षेत्र के सिघिया सागर निवासी ओजैर आलम, सोहैल आलम सहित तीन लोगों को आरोपित किया गया है।

पीड़िता के पिता ने आवेदन में कहा है कि उसकी पुत्री की शादी की चर्चा ओजैर आलम के साथ चल रही थी। इस बीच ओजैर आलम उसकी पुत्री का मोबाइल नंबर, इंस्टाग्राम का यूजर आई डी व पासवर्ड बहला-फुसलाकर ले लिया। करीब तीन माह पूर्व जब उसकी पुत्री कोचिंग जा रही थी। इसी बीच आरोपित ने उसकी पुत्री को कोल्ड ड्रिंक्स में कुछ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में गलत संबंध बनाया तथा उसका वीडियो व फोटो खींच लिया। कुछ दिन बाद जब उसे पता चला कि आरोपित औजेर आलम हथियार की खरीद फरोख्त के साथ ही अन्य अपराधिक कार्य में संलिप्त रहता है, तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया।

इसके बाद आरोपित उसकी पुत्री व उसपर शादी का दबाव बनाने लगे। मना करने पर उसकी पुत्री का अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। घटना के बाद मेरी पुत्री को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है और वह आत्महत्या पर उतारु हो गई है, बाद में उसने आरोपित से मिलकर वीडियो डिलिट करने को कहा तो आरोपित हथियार से फायरिंग का वीडियो दिखाते हुए धमकी देने लगा। नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।वही इस घटना के मुख्य दो आरोपित ओजैर आलम तथा सोहैल आलम को बंजरिया थाना के सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।जबकि अन्य आरोपितो के विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

## भविष्य के लिए मजबूत नींव साबित होगा प्रशिक्षण में हासिल किया गया ज्ञान : ख्यालीराम

एजेंसी

**भागलपुर।** सैनिक स्कूल गणपतराय सालारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी भागलपुर में चल रहा नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग रविवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर ख्यालीराम ने कहा कि आपने यहां जो ज्ञान और कौशल हासिल किया, वह आपके भविष्य के लिए मजबूत नींव साबित होगा।



उन्होंने कहा कि विद्या भारती रूपी गंगा में डुबकी लगाकर मस्तिष्क रूपी लोटा में ज्ञान रूपी गंगाजल लेकर अपने घर, परिवार, विद्यालय, समाज, अपने देश जैसे स्थल को पवित्र करने का प्रयास करना है। हमें कार्य क्षेत्र में ऐसे बालक बालिकाओं का निर्माण करना है। जिसमें मां जीजाबाई जैसा मातृत्व, लक्ष्मीबाई जैसा नेतृत्व, देवी अहिल्याबाई जैसा कृतित्व, भगिनी निवेदिता जैसा राष्ट्रभक्ति, मीरा जैसी भक्ति भाव एवं त्याग की प्रतिमूर्ति पन्नाधाय जैसा हो।

प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि आने के साथ प्रशिक्षण लेने का संकल्प लिए थे और आज प्रतिज्ञा किए हैं विद्या भारती के अनुरूप कार्य क्षेत्र में कार्य करने का। विद्या भारती का कार्य ईश्वरीय कार्य है और आप यहां आचार्य बने हैं यह ईश्वरीय कृपा है। अपने यहां 20 दिनों तक प्रशिक्षण लिया किंतु असली प्रशिक्षण आपका तब शुरू होगा जब कार्य क्षेत्र में बच्चों के साथ कार्य करेंगे।

डॉ चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि आपने प्रशिक्षण प्राप्त कर आचार्य पद को अंगीकार स्वीकार किया है। आप विद्या भारती के उद्देश्यों को पूर्ण कर एक सच्चा देशभक्त शिक्षित नागरिक बालकों को बनाएंगे यही विश्वास है। उमाशंकर पोद्दार द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों को विद्या भारती के प्रतिज्ञा का शपथ दिलाया गया।

आज नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग द्वारा प्रज्ञा पत्रिका, सेवा स्थायित्व वर्ग द्वारा मुक्तांचल पत्रिका, कार्यरत आचार्य द्वारा पुष्प पत्रिका का निर्माण किया गया था जो हस्तलिखित पत्रिका है। उक्त तीनों पत्रिका का विमोचन मंचासीन अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वर्ग के मीडिया प्रभारी राकेश नारायण अंबष्ट, ब्रह्मदेव प्रसाद, रमेश मणि पाठक, वीरेंद्र कुमार, सतीश कुमार सिंह, परमेश्वर कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, चंद्रशेखर कुमार, आकाश कुमार, सुजीत कुमार गुप्ता, शशि भूषण मिश्र, रिचा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, राखी कुमारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## मृत्युदंड माफी आदेश की अनदेखी पर हाईकोर्ट ने जतायी नाराजगी, राज्य सरकार को भेजा नोटिस

एजेंसी

**कोलकाता।** राज्य सरकार द्वारा मृत्युदंड की सजा पा चुके एक कैदी को रिहा करने में असफल रहने पर कोलकाता हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से सवाल उठाया है कि जब डेथ सेंटेंस रिव्यू बोर्ड द्वारा रिहाई का आदेश दिया जा चुका है, तो फिर राज्य के कानून विभाग ने अब तक आदेश का पालन क्यों नहीं किया।

मामला समीर दास उर्फ कैबला नामक एक सजायाफ्ता कैदी का है, जो पिछले 20 वर्षों से जेल में बंद है। रिव्यू बोर्ड ने उन्हें 18 अप्रैल 2024 को रिहा करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके, अब तक उन्हें जेल से मुक्त नहीं किया गया है। इस देरी को लेकर अब कैदी ने अदालत की शरण ली है।

न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने इस संबंध में राज्य के कानून और न्याय विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि रिहाई का स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद अब तक कैदी को क्यों नहीं छोड़ा गया। न्यायालय ने सचिव के खिलाफ रूल इश्यू करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 27 जून निर्धारित की है।



राज्य सरकार की ओर से पेश सरकारी अधिवक्ता ने तर्क दिया कि समीर दास वर्तमान में 60 वर्ष के हैं और उनके खिलाफ आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं, अतः उन्हें रिहा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, वकील ने यह भी कहा कि उनके परिजन भी उनकी रिहाई के पक्ष में नहीं हैं।

समीर दास के वकीलों ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि परिवार ने खुद उनकी रिहाई की मांग की है और उन्हें सम्मानपूर्वक घर लौटाने को तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से अदालत को भ्रामक जानकारी दी जा रही है।

उधर, सुधारगृह अधीक्षक की रिपोर्ट में समीर दास के आचरण को अनुकरणीय बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने जेल में अपने सभी दायित्वों का पालन निष्ठा से किया, अन्य कैदियों और जेल अधिकारियों के साथ व्यवहार में भी कोई शिकायत नहीं पाई गई। समीर दास के वकीलों का सवाल है कि जब कैदी का आचरण संतोषजनक है, परिवार रिहाई के पक्ष में है और बोर्ड से अनुमति भी मिल चुकी है, तो फिर 20 वर्षों की सजा काट चुके व्यक्ति को रिहा करने में देरी क्यों? राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से क्यों नहीं ले रहा है।

### बलात्कार के आरोपित के साथ शराब पार्टी

## विवादों में घिरी दक्षिण 24 परगना की माकपा नेता

एजेंसी

**दक्षिण 24 परगना।** सामने शराब का गिलास और मुंह में सिगरेट लेकर बलात्कार के आरोपित के साथ एक ही जगह बैठकर 'पार्टी' कर रहीं हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के बाद दक्षिण 24 परगना जिले की माकपा कमेटी की सदस्य तनुश्री मंडल विवादों में हैं। तृणमूल ने इसकी कड़ी निंदा की है जबकि खबर लिखे जाने तक माकपा नेता की ओर से इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई थी।

रविवार को तृणमूल नेता मृत्युंजय पाल ने सोशल मीडिया पर महिला माकपा नेता की 'नशे की पार्टी' की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, 'विधानसभा में खाली लेकिन नशे में धुत। दक्षिण 24 परगना में माकपा नेता तनुश्री की 'नशे की पार्टी'। विधानसभा में एक भी सीट नहीं, लेकिन नशे में 100 में से 100 !

राज्य में माकपा के सांगठनिक पतन के बीच हाल ही में दक्षिण 24 परगना जिला समिति सदस्य तनुश्री मंडल की एक तस्वीर वायरल हुई है, जिसमें वे हाथ में शराब का गिलास लिए पार्टी के एक अन्य युवा नेता के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। तस्वीर में उनके बगल में बैठे युवा नेता अभिनंदन दत्तगुप्ता हैं, जो मध्य जादवपुर क्षेत्र समिति के सदस्य हैं और वर्तमान में बलात्कार जैसे गंभीर आरोपों में आरोपित हैं। फिर भी, यह आरोप लगाया जाता है कि पार्टी द्वारा उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

# आई प्याज बहार लाई





**प्याज एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है। हमारे देश में कुल सब्जी उत्पादन क्षेत्रफल के 11.4 प्रतिशत भू-भाग पर प्याज की खेती हो रही है व इसकी खेती से कुल सब्जी उत्पादन में 10.4 प्रतिशत का योगदान मिल रहा है। स्थानीय खपत के अलावा निर्यात भी किया जाता है। मध्य पूर्व के बाजारों में भारतीय प्याज की मांग विशेषकर इसकी अच्छी गुणवत्ता के कारण सदैव बनी रहती है।**

## जलवायु

प्याज के लिए समसीतोष्ण जलवायु सर्वोत्तम समझी जाती है, प्याज मूलरूप से सर्दी में उगाया जाता है, लेकिन खरीफ की किस्में प्राप्त होने पर उनको खरीफ में भी लगाया जाने लगा है। सर्वोत्तम पैदावार के लिये 15–21 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान तथा 10 घंटे वाले लम्बे दिन उपयोगी है।

## भूमि

प्याज की खेती के लिए उपजाऊ बलुई दोमट या दोमट भूमि में उपयुक्त रहती है। खरीफ फसल हेतु खेत चयन में सावधानी रखें। खेत में उपयुक्त जल निकास की व्यवस्था हो।

## किस्म

एन–53, एग्री फाउण्ड रेड डार्क,भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड, भीमा रेड,भीमा सुभ्रा,अर्का कल्याण

## भूमि की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत को भुर–भुरा बना लेना चाहिये।

## बीज दर

खरीफ फसल हेतु 12–15 कि. प्रति हेक्टे. बीज पर्याप्त रहता है।

## बुवाई समय

नर्सरी में बुवाई का उपयुक्त समय मई–जून है।

## नर्सरी तैयार करना

प्याज की नर्सरी हेतु उपजाऊ, जल निकास युक्त तथा सिंचाई की सुविधा युक्त भूमि का चयन करें। एक हेक्टेयर में प्याज लगाने हेतु 500 वर्ग मीटर में नर्सरी तैयार करनी चाहिये, नर्सरी क्यारी 1 मीटर चौड़ी व 15 सेमी. ऊंची बनाये। क्यारी में सिंचाई हेतु बूंद–बूंद सिंचाई का स्प्रिंकलर का उपयोग भी किया जा सकता है। अधिक गर्मी से बचाने के लिये शेड नेट का उपयोग किया जा सकता है।

## रोपाई की दूरी

प्याज की पौध को पंक्तियों में 15–20 सेमी की दूरी पर तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी रखते हैं।



## खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 25–30 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद मिट्टी में मिलाये तथा 130 किलो यूरिया+310 किलो फास्फोरस +100 किलो पोटाश+ 20किलो सल्फर प्रति हेक्टेयर रोपाई के पूर्व मिट्टी में मिलायें। शेष यूरिया 130 किलो प्रति हेक्टेयर को रोपाई में 30–40 दिन बाद में देना चाहिये।



## पौध रोपण

वर्षा में रोपाई हेतु ऊंची क्यारी या मेड़ नाली पद्धति से ही पौध लगायें। जिससे जल निकास सुगमता पूर्वक हो सके।

## प्याज की खुदाई

सामान्यत: रबी फसल में तैयार होने पर पत्तियों के शीर्ष पीले पड़कर सूख जाते हैं। तब सिंचाई रोक दें तथा इसके 10–15 दिन बाद सिंचाई करें। खरीफ मौसम में पत्तियां गिरती नहीं हैं अत: गांठों का आकार 6–8 सेमी. व्यास का हो जायें तो पत्तियों को पैरों से जमीन पर गिरा दें। जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाये तथा गांठें ठोस हो जाएं। इससे 15 दिन बाद खुरपी से खुदाई करें। खुदाई के बाद कंदों को पत्तों सहित 3–5 दिन तक छाया में रखें, इसके बाद 2.0–2.5 सेमी, डंठल छोड़कर पत्तों को काटें तथा अच्छी तरह सुखा लें।

## जल प्रबंधन

साधारणत: खरीफ फसल हेतु सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है, फिर भी वर्षा नहीं होने परखेत में नमी बनाये रखने हेतु हल्की सिंचाई करें। खरीफ प्याज में जल निकास का उचित प्रबंध करना महत्वपूर्ण है।

## निंदाई-गुड़ाई

प्याज के अच्छे उत्पादन के लिये खेत का खरपतवारों से मुक्त रखें। अच्छी फसल के लिए शुरू में 2–3 बार खरपतवार निकालना आवश्यक है। खरपतवारनाशक के रूप में बासालिन 2–2.5 लीटर/हेक्टर रोपाई के तुरन्त बाद छिड़काव करें तथा 40–45 दिन बाद निंदाई–गुड़ाई करें।

## उपज

200–250 क्वि/हेक्टेयर तक उपज मिल जाती है।

# पौध नर्सरी महिलाओं की आय का स्त्रोत



पौध तैयार करने के लिए वैज्ञानिक सूझ–बूझ का ध्यान दें ताकि मेहनत, लागत, खर्च व समय की बचत हो सके।

## नर्सरी में पौध तैयार करने की विधि

### अ : पॉली बैग में पौध तैयार करना

इस विधि के लिए 200 गेज मोटी पालीथिन शीट के बने 20×10 सेमी आकार वाले पाली बैगों की आवश्यकता होती है। इन पालीबैगों में नीचे तथा बगल में छेद कर दें। जिससे वायु का संचार व उचित जल निकास बना रहता है। इन थैलियों में छनी हुई सड़ी गोबर की खाद तथा मोटी बालू का समानुपाती मिश्रण भरा जाता है मिश्रण भरने से पहले मिट्टी का निजर्मीकरण कर लिया जाता है। कद्दूवर्गीय (करेला, लौकी, स्कवाश, कद्दू, तरबूज आदि) बीजों का आवरण सख्त होने के कारण बोने से पहले रातभर पानी में भिगा दें। प्रत्येक बैग में आधा से एक सेमी की गहराई पर दो से तीन बीज बोकर हल्की सिंचाई कर दें मुख्यत: वर्षा ऋतु में पौध तैयार करने के लिए 3 से 5 मीटर चौड़ी तथा जमीन की सतह से 15 से 20 से.मी. ऊंची उठी हुई क्यारियों के बीच में 30 से.मी. स्थान अवश्य छोड़ें इससे वर्षा का पानी इस स्थान से होता हुआ बाहर निकल जाता है तथा क्यारी ऊंची करने के लिए मिट्टी इसी स्थान से मिल जाती है। इसके साथ–साथ खरपतवार निकालने और कीट व फफूंदनाशक दवा के प्रयोग करने में सुविधा होती है



### ऊंची उठी हुई क्यारी विधि

मुख्यत: वर्षा ऋतु में पौध तैयार करने के लिए 3 से 5 मीटर चौड़ी तथा जमीन की सतह से 15 से 20 से.मी. ऊंची उठी हुई क्यारियों के बीच में 30 से.मी. स्थान अवश्य छोड़ें इससे वर्षा का पानी इस स्थान से होता हुआ बाहर निकल जाता है तथा क्यारी ऊंची करने के लिए मिट्टी इसी स्थान से मिल जाती है। पौधशाला का स्थान थोड़ा ऊंचाई व ढालू हो ताकि वहां पानी न भरे। सूर्य का प्रकाश पूरे दिन मिले। 1 वर्ग मी. में 2 किग्रा. पकी गोबर की खाद तथा भारी मिट्टी में 2–3 किग्रा. बालू मिला दें। मिट्टी में फफूंद नाशक जैसे कैप्टान 5–6 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल कर मिट्टी तर कर दें। इसी प्रकार कीटनाशक के रूप में फ्यूराडान की 5 ग्राम मात्रा प्रति वर्ग मीटर पौधशाला की क्यारी में मिलायें।

## बीजोपचार

बीजों को 2 ग्राम थाइरम कैप्टान तथा 1 ग्राम बाविस्टीन प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित कर बोयें।

## मृदा सौर्यन या आतपन द्वारा

यह निजर्मीकरण की सबसे सस्ती विधि है। इस विधि में क्यारियां बुवाई के 7.8 सप्ताह पूर्व तैयार की जाती है तथा इनको पानी से पूरी तरह तर करके नम करते हैं। इसके पश्चात 200 से 300 गेज मोटी पारदर्शी प्लास्टिक से क्यारियों को चारों तरफ भली–भांति ढककर गीली मिट्टी से दबाकर वायुरोधित कर देते हैं। इस प्लास्टिक आवरण को 7.8 सप्ताह पश्चात एवं बीज बोने से 2.3 दिन पूर्व ही हटायें। यह विधि उसी दशा मे पूर्णतया प्रभावकारी होती है। जब दिन का तापमान 35 से 40 डिग्री सैल्सियस या इससे अधिक हो तथा मौसम शुष्क एवं सूर्य चमकदार हो। पौधशाला में आर्द्रगलन बीमारी अधिक लगती है। इस बीमारी की रोकने के लिये ट्राईकोडर्मा 6–8 ग्राम 1 किग्रा बीज के लिये ओर 10–20 ग्राम 1 कि.ग्रा. कम्पोस्ट या गोबर की खाद मिलाकर एक वर्गमीटर मृदा के शोधन के लिए प्रयोग करें।





**नर्सरी से उपज व आमदनी** –पौध नर्सरी की 3×10 मीटर क्षेत्र में नर्सरी स्थापना ( भूमि की तैयारी, समतलीकरण, क्यारियों का निर्माण, पौध संरक्षण दवायें, बीज, गोबर खाद हेतु) के प्रारम्भ में लगभग 3000 रुपये व्यय आता है जो बाद में 2000–3000 प्रति 30 वर्ग मीटर आता है जिससे 2,00,000 पौधे प्राप्त किये जा सकते है सब्जियों की पौध बिक्री 25 रू. प्रति सैकड़ा करने से 8000–10000 रुपये की आमदनी होती है।

## स्थान एवं भूमि का चुनाव

- अच्छी नर्सरी के लिए उचित जल निकास वाली बलुई दोमट भूमि अच्छी होती है।
- क्यारी का चयन ऊंचे स्थान पर करें जहां पर पानी का जमाव बिल्कुल न हो। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष पौधशाला नई जगह पर उगायें।
- सूर्य के प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो तथा सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था हो।
- आवास से कम दूरी पर नहीं हो ताकि पौधशाला की देखरेख व निरीक्षण समय–समय पर हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रत्येक व्यक्ति तक सुनिश्चित करें कल्याणकारी योजनाओं का लाभ: मोहन लाल ब्राक्टा



**मंडी।** मंडी जिला के अध्ययन प्रवास पर पहुंची हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति की जिला स्तरीय बैठकबरा सभापति मोहन लाल ब्राक्टा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति के सदस्य एवं विधायक विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, रीना कश्यप, चंद्रशेखर, लोकेंदर कुमार, दीप राज व अनुराधा राणा विशेष रूप से इसमें उपस्थित रहे। समिति ने जिला मंडी के अपने प्रवास के दौरान समाज के कमजोर वर्गों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे विकासात्मक कार्यों का अध्ययन किया। साथ ही समिति ने इस संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी किया और उपयोगी सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। अपने संबोधन में सभापति मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी विभागों का दायित्व है।

### सड़क हादसे में दो की मौत और 6 गंभीर

**कोंडागांव।** जिले के छोटे डोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूमका के पास बीती देर रात 11:30 बजे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन सीजी 17-केएल-0783 सड़क हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में वाहन पर सवार 18 लोगों में से 2 की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव भिजवाया। घटना के बाद छोटे डोंगर थाना पुलिस मौके पर पंहुचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती करवाया है। छोटे डोंगर थाना पुलिस के अनुसार हादसा ग्राम भूमका के पास देर रात लगभग 11:30 बजे हुआ। वाहन में धमतरी जिले के ग्राम बोरई तहसील बेलर निवासी पारिवारिक काम से बोरई से मोहपाल आये थे।

### जानलेवा करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

पौड़ी गढ़वाल। एक व्यक्ति पर जानलेवा करने वाले दो आरोपितों को कोटद्वार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बीते रोज कोटद्वार निवासी जयदीप भट्ट ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुलशन रावत व रजनीश रावत ने उनके साथ पुरानी रंजिश के चलत जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। जिसपर पुलिस ने नाजमद आरोपितों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद दोनों आरोपितों को ध्रुवपुर गैस गोदाम वाली गली, कोटद्वार से गिरफ्तार किया है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दरांती भी बरामद किया गया।

### कुएं में डूबने से दो किशोरों की मौत

**अशोकनगर।** अशोकनगर के कबीर रोड स्थित जगदंबा कॉलोनी के दो किशोरों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। दोनों शनिवार सुबह अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए कुएं में गए थे। देर रात एसडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव को बाहर निकाला। परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। रविवार सुबह से ही जिला अस्पताल में मृतकों के परिजन और रिश्तेदार जमा हो गए। उन्होंने पोस्टमार्टम से पहले एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस की समझाइश के बाद लोग शांत हुए।

### यात्री प्रतिक्षालय के पास मिला एक व्यक्ति का शव

**खंडवा।** खंडवा के थाना कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार रविवार सुबह बड़गांव गुर्जर रोड स्थित जामली फाटे पर यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली टीआई अशोक सिंह चौहान, एसआई संतोष सांवले डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के सिर और हाथ-पैर में चोंट के निशान हैं। घटनास्थल के पास कार के पहिए के निशान भी मिले हैं।

### रामपुर में चरस के साथ राहगीर गिरफ्तार

**शिमला।** जिला शिमला के रामपुर उपमंडल के तहत पुलिस चौकी ज्यूरी की टीम ने गश्त के दौरान एक राहगीर से 20 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ झाकड़ी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल मनोज कुमार अपनी टीम के साथ शनिवार की देर शाम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थे। जब वह भेडू फार्म ज्यूरी के पास पहुंचे तो उन्हें एक राहगीर की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान सागर सिंह पुत्र शकर्मचंद निवासी गांव ननण, तहसील रामपुर, जिला शिमला के रूप में हुई है।

### अधेड़ व्यक्ति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** जिले के बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र के दो नंबर पंखा दफाई में बीती रात एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिरिथ राम यादव नामक व्यक्ति की बीती रात अज्ञात हमलावर ने हत्या कर दी। घटना रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब मृतक अपने घर लौट रहा था।

# इजरायल व इरान में बढ़ते टकराव से उद्योगों के लिए हो सकता है खतरा: दीपक

- ऊर्जा कीमतों में तेजी से उद्योगों की लागत बढ़ेगी
- आयात-निर्यात संतुलन पर असर पड़े की आशंका



**गुरुग्राम। एजेंसी**

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य टकराव न केवल मध्य-पूर्व क्षेत्र की स्थिरता के लिए, बल्कि वैश्विक व्यापारिक ढांचे और भारत जैसे आयात-आधारित देशों के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। स्ट्रेट ऑफ होरमुज, जो वैश्विक कच्चे तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा वहन करता है, यदि बाधित होता है तो भारत की ऊर्जा आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होगी। यह कहना है प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन दीपक मैनी का। रविवार को बातचीत में दीपक मैनी ने कहा कि गुरुग्राम भारत का एक प्रमुख औद्योगिक और कॉरपोरेट हब है। यहां से बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल, फार्मा और इंजीनियरिंग गुड्स का उत्पादन होता है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किए जाते हैं। गुरुग्राम की लॉजिस्टिक्स निर्भरता मुंबई, कांडला और गुजरात के अन्य बंदरगाहों पर है, जिनके जरिए माल मिडल ईस्ट, यूरोप और अफ्रीका भेजा जाता है। इनमें से अधिकांश मालवाहक जहाज स्ट्रेट ऑफ होरमुज से होकर गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल तेल जरूरतों का लगभग 80 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से बड़ी हिस्सेदारी इसी मार्ग से होकर आती है।

अगर यह आपूर्ति श्रृंखला धीमी या ठप हो जाती है, तो घरेलू बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी संभव है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा लागत में वृद्धि का सीधा असर निर्माण, परिवहन और सेवा क्षेत्र पर पड़ेगा जिससे महंगाई और औद्योगिक उत्पादन लागत में भारी बढ़ोतरी होगी। इससे न केवल उपभोक्ता कीमत सूचकांक पर दबाव बनेगा, बल्कि भारत के लघु और मध्यम उद्योगों के सामने टिके रहना एक चुनौती बन जाएगा। दीपक मैनी ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यदि यह संघर्ष लम्बा चलता है और अमेरिका, चीन, रूस जैसे बड़े देश इसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होते हैं तो वैश्विक सप्लाई चेन और इन्वेस्टमेंट फ्लो पर स्थायी असर पड़ेगा।

भारत के एक्सपोर्ट पर भी दबाव आएगा, खासकर पेट्रो-केमिकल्स, इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल्स और फार्मा जैसे सेक्टर में। उन्होंने भारत सरकार से अपील की कि वह अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करे ताकि दोनों पक्षों के बीच तनाव को कम करने की दिशा में वैश्विक स्तर पर पहल की जा सके।

### किसानों की मेहनत से बदली गांव की तस्वीर

पौड़ी गढ़वाल। पौड़ी जनपद के पाबौ ब्लॉक का एक छोटा-सा गांव ग्वाड़ीगाड़ आज पूरे क्षेत्र में मत्स्य ग्राम के नाम से पहचाना जाने लगा है। यहां के छह किसानों ने मिलकर जो काम किया है, वह न केवल स्वरोजगार का नया रास्ता खोलता है, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया है। गांव के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन कर रहे हैं। गांव में कुल 36 मछली तालाब तैयार किये गये हैं, जिनमें तिलापिया और पंगास जैसी अधिक उत्पादन देने वाली मछलियों का पालन किया जा रहा है। इस कार्य को गांव में छह सदस्यों द्वारा क्लस्टर आधारित पर किया जा रहा है, जिन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से ऋण प्राप्त कर अपने सपनों को आकार दिया। इस पूरी पहल की शुरूआत गांव के युवा किसान विपिन पंत ने वर्ष 2022 में एक छोटे से तालाब से की थी। शुरूआती सफलता के बाद उन्होंने मत्स्य विभाग के सहयोग से अपने कार्य को विस्तार दिया और 20 तालाब बनाये।

## ईरान और इजराइल में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हालात और गंभीर

**तेहरान/यरुशलम। एजेंसी**

ईरान और इजराइल में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हालात और गंभीर हो गए हैं। इजराइली सेना ने शनिवार को पुष्टि की कि वह ईरान की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल साइटों पर हमले कर रही है और यह अभियान जारी रहेगा। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि ईरान के पास अभी भी एक ऐसा शस्त्रागार है, जो इजराइल को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। सेना ने कहा हम ईरान पर हमला कर रहे हैं, और यह संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है।

इजराइल के लिए खतरा बनने वाली हर वस्तु या स्थिति को पूरी तरह नेस्तनाबूद किया जाएगा। इस बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली शमखानी



की एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। ईरानी मीडिया के अनुसार, उनकी मौत इजराइली हवाई हमलों के एक दिन बाद हुई, हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

शमखानी लंबे समय तक ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख रहे और सऊदी अरब के साथ चीन की मध्यस्थता में हुई ऐतिहासिक सुलह वार्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके थे। उधर, इजराइली लड़ाकू विमानों द्वारा कथित रूप से इराकी हवाई क्षेत्र के उपयोग पर बगदाद में आक्रोश फैल गया है। इराक ने द्विपक्षीय समझौतों और अंतरराष्ट्रीय कानून का हवाला देते हुए अमेरिका से ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए इजराइली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने का आह्वान किया है।

### अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता पर ब्रेक

विवाद के बीच, ओमान ने एक और झटका दिया है। मस्कट में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का ताजा दौर रद्द कर दिया गया है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा रविवार को होने वाली वार्ता अब नहीं होगी। हालांकि, हम मानते हैं कि संवाद और कूटनीति ही स्थायी समाधान है।

### स्वस्थ तन मन का आधार है योग : रेखा

देहरादून। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को केदारपुरम में महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र में एक सप्ताह के योग शिविर का शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री ने भी प्रतिभागियों के साथ लगभग 40 मिनट योगासन किए। इस मौके पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि योग हमारे तन और मन दोनों के स्वास्थ्य का आधार है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ होगा तभी हम समाज और देश के लिए कुछ कर पाने में सक्षम होंगे। प्रदेश और देश में युवा मानव संसाधन कुशल बने, इसमें योग की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को बचपन से ही हर दिन कम से कम 30 मिनट योगासन करने की आदत डालें। इससे उन्हें अपने जीवन में डॉक्टर के पास जाने की कम से कम जरूरत पड़ेगी। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व में योग की ऐसी अलख जगाई है कि आज डेढ़ सौ से ज्यादा देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपरा को पूरा विश्व अंगीकार कर रहा है।

## बालको प्रबंधन के अवैधानिक कार्यों पर रोक लगाए प्रशासन : ज्योत्सना

**कोरबा। एजेंसी**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित कर कहा है कि भारत एल्युमिनियम कम्पनी लिमिटेड बालको के द्वारा सेक्टर 6 मिनीमाता चौक के सामने पूर्व प्रचलित मार्ग को अवरूद्ध करते हुए बड़े झाड़ के जंगल में बाऊंड्रीवाल, ब्लीचिंग प्लांट, उंचे भवन का निर्माण हेतु संबंधित विभागों से अनुमति की प्रक्रिया हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त निर्माण से सेक्टर-6 के पीछे श्रमिक बाहुल्य बस्ती नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 40-41 पाड़ीमार क्र. 01 के भदरापारा, इंदिरा मार्केट, डुग्गुपारा, उपका मोहल्ला, गणेश नगर में हजारों परिवार का आवागमन अवरूद्ध होने की एवं व्यवसायियों को इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा। उपरोक्त वार्ड के



निवासी अपने कार्यों के लिए इस मार्ग का उपयोग कई वर्षों से करते आ रहे हैं। मोहल्ले के सभी वर्ग के बच्चों का स्कूल भी बालको नगर में स्थित है। सांसद ने रविवार को मुख्यमंत्री सहित उप मुख्यमंत्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व पुलिस अधीक्षक, आयुक्त, वनमंडलाधिकारी सहित प्रबंधन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा की गई।

## जापान व ब्रिटेन से आगे निकला भारत : विजय

**सुल्तानपुर। एजेंसी**

सेवा सुशासन,गरीब कल्याण के 11 साल विकास और विरासत के युगांतकारी परिवर्तन के हैं। भारत ने समावेशी विकास का स्पष्ट और सुगम रास्ता तैयार किया है। उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के बाहर निकले हैं। आर्थिक विकास के मामले में जापान व ब्रिटेन से आगे निकलकर भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है।आज भारत ग्लोबल एजेंडा सेट करने वाला देश है। यह बातें भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने लंभुआ में एक मैरिज लान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए रविवार को कही। उन्होंने आपरेशन सिन्दूर को नये भारत की वैश्विक शक्ति का परिचायक बताया। लंभुआ मण्डल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



शिवाकांत मिश्रा ने केन्द्र की मोदी सरकार की तमाम उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा भारत ने विकास व सुशासन की नई गाथा लिखी है।

2014 से पहले देश बदहाल स्थिति में था।कांग्रेस की सरकार में विकास नही,भ्रष्टाचार की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती थी। उन्होंने कार्यकताओं से 2047 में विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम को जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, मण्डल प्रभारी गोविन्द तिवारी टाडा ने भी संबोधित किया। मण्डल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया।

### शॉर्ट सर्किट से गुरुद्वारा साहिब में लगी आग

फरीदाबाद। सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारा साहिब में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। गुरुद्वारे की पहली मंजिल पर स्थित हॉल में म्यूजिक सिस्टम में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे आग लग गई। यह हॉल वही स्थान था वहां पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब को स्थापित किया गया था। आग लगने के समय गुरुद्वारा बंद था और संगत अंदर मौजूद नहीं थी। घटना की जानकारी सबसे पहले एक श्रद्धालु ने दी, जो माथा टेकने गुरुद्वारे आया था। उसने देखा कि अंदर से धुआं निकल रहा है, जिसके बाद उसने तुरंत प्रबंधन और आसपास के लोगों को सूचना दी। करीब 15-20 मिनट बाद गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्य और आसपास की संगत मौके पर पहुंची और खिड़कियों व दरवाजों को तोडकर बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने में जुट गई। इस दौरान फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई, लेकिन दमकल की गाडियां करीब एक से डेढ़ घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। तब तक संगत ने आग पर लगभग काबू पा लिया था। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर बचे हुए धुएं और चिनगारी को पानी डालकर पूरी तरह बुझाया। गुरुद्वारा प्रबंधक गुरदीप सिंह ने बताया कि सबसे पहले गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मान पूर्वक और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

भाजपा के बरवाला मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

## मोदी सरकार ने 11 वर्ष में हर वर्ग के हित में अमिट छाप छोड़ी : अशोक

**हिसार। एजेंसी**

केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, जिला हांसी के बरवाला मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मंडल टध्यक्ष्ज्ञ मोनू संदूजा ने की जबकि मंच संचालन सभा सह संयोजक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा ने किया। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रधान अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू व संजीव गंगवा शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने रविवार को कहा कि ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 11 वर्ष में देश के हर वर्ग के हित में काम करके अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 11 वर्ष का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि यह



कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल बन गया है। जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि मोदी सरकार के 11 सालां में देश में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है।

आमजन के जीवन की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 सालों में उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, पीएम मुद्रा और स्टैंड अप योजना, किसान सम्मान निधि, कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अनेक योजनाएं शुरू की गई, जिनसे करोड़ों लोगों को सीधा लाभ पहुंचा है। पार्टी के युवा नेता संजीव गंगवा ने कहा कि 11 वर्ष पहले सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया का नारा दिया और कहा कि सुई से हवाई जहाज तक हमारे देश में बनेगी। इसका नतीजा हमारे सामने है, सुई से लेकर हवाई जहाज तक देश में बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले केवल सरकारें बनती थी लेकिन काम नहीं होते थे।

**समस्या** युवा वर्ग से लेकर वृद्धजनों तक जोड़ों के दर्द और आर्थराइटिस की हो रही है समस्याएं

# घर पर बनाएं जड़ी-बूटियों से बना दर्द निवारक तेल : डॉ. तारा

- प्रयोग की गई सभी सामग्री प्राकृतिक, घरेलू और दर्द निवारक गुणों से भरपूर है



**मंडी। एजेंसी**

राजकीय वल्लभ कालेज मंडी की वनस्पति विज्ञान की प्राध्यापक डा. तारा सेन का कहना है कि बढ़ती उम्र, जीवनशैली की अनियमितताएं और शरीर की उचित देखभाल न करने से आजकल युवा वर्ग से लेकर वृद्धजनों तक जोड़ों के दर्द और आर्थराइटिस की समस्याएं आम होती जा रही है। ऐसे में यदि हम आयुर्वेदिक ज्ञान और परंपरागत घरेलू उपायों की ओर लौटें, तो हम न केवल राहत पा सकते हैं, बल्कि स्वास्थ्य की रक्षा भी कर सकते हैं। उनका कहना है कि उत्तर भारत में रहने वाले लोगों को प्रायः विटामिन की कमी विशेषकर विटामिन डी की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे कैल्शियम का अवशोषण बाधित होता है और यह जोड़ों के दर्द का एक प्रमुख कारण बन जाता है। ऐसे में सुबह की हल्की धूप में बैठकर जड़ी-बूटियों से युक्त तेल की नियमित मालिश न केवल विटामिन डी की कमी को दूर करने में सहायक होती है, बल्कि धीरे-धीरे जोड़ों के दर्द में भी राहत देती है। उनका कहना है कि उनके द्वारा एक प्रभावशाली जड़ी-बूटी आधारित तेल बनाने की विधि, जो तिल और सरसों के तेल को आधार बनाकर तैयार किया गया है। इसमें प्रयोग की गई सभी सामग्री प्राकृतिक, घरेलू और दर्द निवारक गुणों से भरपूर है।

जड़ी-बूटी आधारित तेल बनाने की विधि, जो तिल और सरसों के तेल को आधार बनाकर तैयार किया गया है। इसमें प्रयोग की गई सभी सामग्री प्राकृतिक, घरेलू और दर्द निवारक गुणों से भरपूर है। एक किलो हर्बल तेल के लिए पांच सौ ग्राम तिल का तेल लें इसकी गर्म प्रकृति, त्वचा में गहराई तक प्रवेश कर सूजन कम करता है, पांच सौ ग्राम सरसों का तेल लें यह वातशामक, सूजनरोधी, नसों को आराम देता है।

इसके अलावा पचास ग्राम कुचली हुई निर्गुंडी की पत्तियां लें, यह संधियों की सूजन, दर्द, जकड़न में उपयोगी है, 30 ग्राम अश्वगंधा की पत्तियां लें, यह नसों को मजबूती देता है, तनाव कम करता है, 30 ग्राम करी पत्ता, यह रक्त संचार में सुधार और हड्डियों को मजबूत करता है। इसके अलावा 30 ग्राम अरंडी के पत्ते जो सूजन में लाभकारी, वात विकार को शांत करता है, 19-12 लहसुन की कलियां, लहसुन वात और जकड़न दूर करता है, दो चम्मच अजवायन, सूजन और दर्द निवारक, त्वचा को गर्मी देता है, दो चम्मच सौंठ, संधियों में गर्माहट लाकर दर्द कम करता है, पचास ग्राम कछ्दूकस की हुई कच्ची हल्दी, सूजन व दर्द निवारण में रामबाण, दो चम्मच मेथी के बीज, ये सूजन कम करता है, वातनाशक, हड्डियों को मजबूती देता है। तेल ठंडा होने पर 10-12 ग्राम कपूर मिलाएं, कपूर स्नायुओं को ठंडक देकर तात्कालिक राहत, सूजन व जलन में उपयोगी।

सभी हर्बल सामग्री को साफ कर-के अच्छी तरह कूट लें या दरदरा पीस लें। तिल और सरसों के तेल को मिलाकर किसी कांच या स्टील के बर्तन में रखें।

## नेपाल से भारत के रास्ते बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात करेगा

**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल, भारत और बांग्लादेश के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत 15 जून से भारत के रास्ते नेपाल ने बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात करने का काम शुरू किया है। पिछले वर्ष हुए इस समझौते के बाद 15 नवंबर को आखिरी दिन बिजली निर्यात का सफल परीक्षण किया गया था। 15 जून को इसकी औपचारिक शुरूआत की गई है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक आज मध्य रात 12:00 बजे से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात की शुरूआत की गई। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक हितेंद्र शाक्य के मुताबिक 15 नवंबर तक प्रतिदिन



बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात की जाएगी। भारत के रास्ते यह बिजली बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्र तक निर्यात की जा रही है। नेपाल से निर्यात की गई बिजली बिहार के मुजफ्फरपुर से होते हुए बांग्लादेश के बहरामपुर भेडमारा 400 ट्रांसमिशन लाइन के जरिए भेजा जा रहा है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने कहा कि अब तक सिर्फ भारत को ही निर्यात की जा रही बिजली अब बांग्लादेश में भी शुरूआत होना नेपाल के ऊर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा अक्षत रघुवंशी की बल्लेबाजी के फैन हुए वेंकटेश अय्यर, बांधे तारीफों के पुल



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश टी20 लीग (एमपीएल) 2025 के पांचवें मुकाबले में इंदौर पिंक पैंथर्स ने जबलपुर रॉयल लायंस को 6 रन से हराकर सीजन की शानदार शुरूआत की। मैच के बाद टीम के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने युवा बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी की जमकर तारीफ की। अय्यर ने कहा कि आज का असली हीरो अक्षत है। जिस तरह से उसने पूरे मैदान में शॉट्स लगाए, वह काबिले-तारीफ है। 21 साल की उम्र में मैंने इससे बेहतर टैलेंट नहीं देखा। मैं उसकी तरक्की के लिए दुआ करता हूं, भविष्य में वह बहुत आगे जाएगा। अक्षत रघुवंशी ने मैच में 46 गेंदों पर 76 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी ने इंदौर को 20 ओवर में सात विकेट पर 183 रन तक पहुंचाया। जवाब में जबलपुर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 177 रन बना सकी। सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ पाटीदार ने 40, धर्मेश पटेल ने 55 रन और राहुल बाथम ने 58 रन बनाए। इनके अलावा अन्यकोई बल्लेबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका इंदौर पिंक पैंथर्स की ओर से स्पिनर मिहिर हिरवानी ने 3 विकेट लिए। कप्तान वेंकटेश अय्यर ने भी गेंदबाजी में योगदान देते दो विकेट लिए।

### राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए चार खिलाड़ी झारखंड के लिए रवाना



**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के चार रोल बॉल खिलाड़ी 5 वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए रविवार को झारखंड के लिए रवाना हो गए। जिला रोल बॉल संघ के सचिव शाहवेज अली ने रविवार को बताया कि मुरादाबाद के शिवओम सैनी, गोविंद गौर, सचिन सैनी और खेतान सैनी 16 जून से 21 जून तक झारखंड के रांची के स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर रोल बॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। शाहवेज अली ने आगे बताया कि 5 वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता में देशभर से टॉप 10 राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी, जिसमे उत्तर प्रदेश,महाराष्ट्र, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, झारखंड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, उड़ीसा, चंडीगढ़ की टीमें शामिल है। इस अवसर पर जिला रोलबॉल संघ के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, डॉ विनोद कुमार, डॉ जी कुमार, डॉ अजय शर्मा, डॉ गरिमा शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की।

### खेल संपूर्ण स्वास्थ्य की गंगोत्री है : अविनाश



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य कबड्डी एसोसिएशन द्वारा अंतराज्यीय टूर्नामेंट का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में किया गया है,जहां संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो मौजूद थे। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। आयोजन मंडली के प्रमुख पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। खेल के मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात ट्रॉफी को अनावरण किया गया। संबोधन में श्री देव ने कहा कि खेल संपूर्ण स्वास्थ्य की गंगोत्री है, जहां जाति, धर्म, भाषा, बोली, रंग रूप, ऊंच- नीच अमीरी-गरीबी से ऊपर उठ कर सभी खिलाड़ी अपने लक्ष्य को भेदने में लगे रहते हैं। असली भारत का तस्वीर लोकतंत्र संविधान अनुशासन भाईचारा प्रेम न्याय और एकता अखंडता खेल के मैदान में ही दिखता है। जरूरत है खेल को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने कि ताकि खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ सके। खेल के दुनिया में कैरियर की अपार संभावना है बशर्ते सरकार थोड़ा और गंभीर रहे। झारखंड के खिलाड़ी तो अंतरराष्ट्री स्तर पर भारत के परचम लहरा चुके हैं, मुझे आशा है भविष्य में और बेहतर कर सकेंगे।

## रांची यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में वॉलीबाल मीडिया कप का आयोजन

# टीम रेड ने येलो को 14-25,25-18, 15-9 अंकों से हराया

- लगातार तीन वर्षों से टीम येलो ही चैंपियन रही
- मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का पुरस्कार टीम रेड के प्रमोद को दिया गया



संवाददाता

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में रविवार को वॉलीबाल मीडिया कप का आयोजन रांची प्रेस क्लब की ओर से किया गया। मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। इसके पूर्व मीडिया कप वॉलीबॉल के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया पार्टनर प्रशांत उनिकृष्णन, संदीप उनिकृष्णन रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कन्वेनर राजेश गुप्ता, इंटरनेशनल रेफरी राजेश सिंह, इंडियन वॉलीबॉल एसोसिएशन के कार्यसमिति सदस्य उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, वासुदेव चटर्जी फाउंडेशन के राजीव चटर्जी, रांची जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय ठाकुर, खेलो इंडिया के टेक्नीकल हेड उपेंद्र गुप्ता ने फाइनल मैच सह समापन समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि खेल के मैदान में कलकारों को खेलते देखना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। दूसरे दिन भी सभी मैन ऑफ द मैच प्लेयर्स को डीआईजी चन्दन सिन्हा की घोषणा के अनुरूप 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। टूर्नामेंट में दूसरे दिन रविवार को तीन मुकाबले खेले गए पहले मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 18-25, 25-5, 15-4 से हराया। वहीं रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 14-25, 25-18, 15-9 से हरा मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले लगातार तीन वर्षों से टीम येलो ही चैंपियन थी।

मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का पुरस्कार टीम रेड के प्रमोद सिंह को दिया गया। वहीं टूर्नामेंट में बेस्ट स्मैशर के रूप में आरजे अरविंद, बेस्ट सप्लायर के रूप में पंकज सिंह, बेस्ट सर्विसर के रूप में अभिषेक सिन्हा, बेस्ट लिफ्टर के रूप में राजेश सिंह, बेस्ट डिफेंडर के रूप में मोनू कुमार को पुरस्कार दिया गया।

टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन और मीडिया सपोर्ट पार्टनर के रूप में द भास्कर टाइम्स के संदीप उनिकृष्णन और प्रशांत उनिकृष्णन ने अपना सहयोग दिया। पूरे टूर्नामेंट का लाइव टेलीकास्ट विक्की कुमार की टीम ने किया। जिसे यूट्यूब पर देखा जा सकता है। टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका संजय ठाकुर और उनकी टीम ने बखूबी निभाई। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी 74 खिलाड़ियों को भी रांची प्रेस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह और गिफ्ट दे कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन ने किया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, सचिव अमरकांत, संयुक्त सचिव, रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुबेर, कार्यकारिणी के सदस्य सह स्पोर्ट्स कन्वेनर मोनू, सहित अन्य मौजूद थे।

### स्टीव स्मिथ ने उंगली में लगी चोट से कुछ हफ्तों में उबरने की जताई उम्मीद



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट से कुछ हफ्तों में उबर जाएंगे। स्मिथ को फाइनल मैच के तीसरे दिन फिल्डिंग के दौरान कैच पकड़ते समय यह चोट लगी थी। आईसीसी ने स्मिथ के हवाले से लिखा कि मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में खेल सकूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी कार्यक्षमता और मेरी क्षमता पर निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा कि मैं हेलमेट पहने काफी करीब खड़ा था। हमारी योजना करीब खड़े होने की थी। मैं मिचेल स्टार्क की गेंदबाजी के एंगल के कारण गेंद को देख नहीं पाया। यह मुश्किल था, गेंद मेरे हाथ में ठीक से नहीं आई। सौभाग्य से हाथ में कोई फ्रैक्चर नहीं था। स्मिथ लॉर्ड्स (लंदन) में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेंबा बावुमा का स्लिप में कैच पकड़ने की कोशिश में चोटिल हुए थे। स्मिथ हेलमेट पहनकर काफी आगे खड़े थे। गेंदबाज मिचेल स्टार्क की तेज आती गेंद बावुमा के बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप में तेजी से स्मिथ के पास पहुंची। गेंद उनके हाथ से टकरा कर छटक गयी और वह दर्द में कराहते हुए दिखे।

## मनप्रीत सिंह ने इतिहास में दर्ज कराया अपना नाम



एंटवर्प। एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरते ही अपना नाम इतिहास में दर्ज कर लिया है। बेल्जियम के एंटवर्प में खेले जा रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मुकाबले में हॉकी आइकन मनप्रीत 400वीं बार भारत की जर्सी पहनकर मैदान में उतरे और अपना नाम उन दिग्गजों की विशिष्ट सूची में शामिल कर लिया, जिन्होंने अटूट स्थिरता और दिल से विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पंजाब के 33 वर्षीय मिडफील्डर मनप्रीत सिंह अब पूर्व कप्तान और वर्तमान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की (412 कैप) से पीछे दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। इस उपलब्धि पर भावुक मनप्रीत ने कहा कि मुझे अभी भी याद है कि मुझे अपने डेब्यू मैच में कैसा महसूस हुआ था। 400 मैच में यहां खड़े होना, मेरी कल्पना से परे है। यह उपलब्धिहर उस कोच के साथ साझा करता हूं जिसने मुझे आगे बढ़ाया, हर उस साथी खिलाड़ी के साथ जिसने मेरा साथ दिया और हर उस प्रशंसक के साथ जिसने मुझ पर तब विश्वास किया, जब मुझे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। मैं अभी भी सीख रहा हूं, अभी भी बढ़ रहा हूं और मैं आज भी उसी जोश के साथ खेलता हूं जैसा कि मैं 19 साल की उम्र में खेलता था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और ऑल-टाइम कैप्स सूची में मनप्रीत से आगे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी डॉ. दिलीप टिर्की ने इस उपलब्धि की सराहना की और कहा कि बहुत कम एथलीट इस स्तर की स्थिरता और धीरज हासिल करते हैं।

## हॉकी प्रो लीग (महिला) : ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 2-1 से हाराया



लंदन। एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम को रविवार को लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (महिला) मैच में ऑस्ट्रेलिया महिला हॉकी टीम ने 2-1 से हरा दिया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के (3वें मिनट) ने किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एमी लॉटन (37वें मिनट) और लेक्सी पिकरिंग (60वें मिनट) ने गोल किए। मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने शुरूआत अच्छी की और तीसरे मिनट में ही पहला गोल करके 1-0 आगे हो गई। भारत ने दबाव बनाना जारी रखा और लगातार आक्रमण किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में अपने प्रदर्शन में सुधार किया और गोल करने के अच्छे मौके बनाने शुरू किए। दोनों टीमों ने गेंद पर कब्जा जमाया और मिडफील्ड में एक-दूसरे से भिड़ंत की, लेकिन दोनों ओर से कोई गोल नहीं आया।

तीसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा और उसने भारतीय डिफेंस के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। खेल के 37वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया की एमी लॉटन के शानदार गोल की बदौलत वे बराबरी करने में सफल रहीं। मैच के अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें बराबरी पर थीं। भारतीय टीम को कई पेनाल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन उसे भुना नहीं पाए। मैच खत्म होने में 34 सेकंड बचे थे कि ऑस्ट्रेलिया ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मैच 17 जून को अर्जेंटीना से होगा।

## एफआईएच प्रो लीग : भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन, ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से दी मात



एंटवर्प (बेल्जियम)। एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी है। रविवार को एंटवर्प में चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में भारतीय टीम को एक बार ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मुकाबले हार चुका है। हालांकि यह सभी मुकाबले करीबी रहे थे। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की ओर से टिम ब्रैंड (4वें मिनट), ब्लेक गोवर्स (5वें मिनट) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) के गोलों ने उनकी टीम की जीत सुनिश्चित की, जबकि संजय (3वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने भारतीय टीम के लिए गोल किए। मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार शुरूआत की। टीम के खिलाड़ी संजय ने तीसरे मिनट में ही एक गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने अगले ही मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। टिम ब्रैंड ने सनसनीखेज अंदाज में गोल किया। कुछ ही सेकंड बाद ब्लेक गोवर्स ने दूसरा गोल करके ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से आगे कर दिया।

भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण को रोकने के लिए कुछ खास नहीं कर सके। पहले क्वार्टर ब्रेक पर ऑस्ट्रेलिया 2-1 से आगे था। फिर 18वें मिनट में कूपर बर्न्स ने गोल करते हुए इसे 3-1 तक बढ़ा दिया। इस गोल ने भारतीय टीम को दबाव में ला दिया। ऑस्ट्रेलिया ने तेज गति से आक्रमण करके अपनी बढ़त बढ़ाने की कोशिश की। अगले कुछ मिनटों में दोनों टीमों ने पीसी का आदान-प्रदान किया, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिली। पहले हाफ का अंत ऑस्ट्रेलिया के दो गोल से आगे रहने के साथ हुआ। सेकेंड हाफ में भारतीय टीम ने पूरे जोश के साथ वापसी की और अंतर को कम किया। दिलप्रीत ने 36वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में कुछ ऐसे मौके आए जब भारतीय खिलाड़ी स्कोर बराबरी करके वापसी कर सकते थे, लेकिन वे मौकों का फायदा नहीं उठा पाए।

## व्यापार

### एक सप्ताह में 3,710 रुपये तक महंगा हुआ सोना और चांदी की बढ़ी कीमत



नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना 1,200 रुपये से लेकर 1,230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,680 रुपये से लेकर 1,01,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 93,200 रुपये से लेकर 93,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

चांदी के भाव में भी 1,400 रुपये तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान हुए उतार चढ़ाव के बाद साप्ताहिक आधार पर 3,000 रुपये की तेजी आई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,01,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## प्राइमरी मार्केट में अगले सप्ताह 6 नए आईपीओ देंगे दस्तक, पांच कंपनियों के शेयर की होगी लिस्टिंग



नई दिल्ली। एजेंसी

सोमवार 16 जून से शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह में प्राइमरी मार्केट में 6 आईपीओ दस्तक देने वाले हैं। इनमें एरिस इंफ्रा सॉल्यूशंस का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि शेष 5 आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले तीन आईपीओ में भी इस सप्ताह 16 और 17 जून तक बोली लगाने का मौका रहेगा। जहां तक स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरूआत करने की बात है, तो इस सप्ताह पांच कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 16 जून को ही समय प्रोजेक्ट सर्विसेज का 14.69 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसमें 18 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 32 से 34 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 4,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट 19 जून को होगा। इसके बाद 23 जून को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग होगी।

पाटील ऑटोमेशन का 69.61 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन 16 जून को ही खुलेगा। इसमें भी 18 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 114 से 120 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट 19 जून को होगा। इसके बाद 23 जून को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग होगी। सप्ताह के दूसरे कारोबार दिन 17 जून को एप्पलटोन इंजीनियर्स का 43.96 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसमें 19 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 125 से 128 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट 20 जून को होगा। इसके बाद 24 जून को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग होगी।

इसी तरह 18 जून को एरिस इंफ्रा सॉल्यूशंस का 499.60 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसमें 20 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 210 से 222 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 67 शेयर का है।

## सेंसेक्स की शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली। एजेंसी

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही। वहीं भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा।

# जाटव समाज की संकल्प महापंचायत सम्पन्न, सामाजिक जागृति व आत्मबल के साथ कुरीतियों के उन्मूलन का लिया संकल्प

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** दिनांक 15 जून 2025 को जाटव समाज द्वारा एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणास्पद संकल्प महापंचायत का आयोजन धौलपुर जिले के सैंपऊ ब्लॉक के ग्राम चितौरा में संपन्न हुआ। यह पावन भूमि संत शिरोमणि जोरावर धाम की जन्मस्थली के रूप में समाज में विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व रखती है। यह जिला स्तरीय महापंचायत समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन, सामाजिक उत्थान और आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।







कार्यक्रम में जिला स्तरीय समिति द्वारा समाज को एक सशक्त दिशा देने हेतु अनेक सकारात्मक संकल्प दिलवाए गए। इनमें नशा मुक्ति, दहेज प्रथा समाप्ति, मृत्यु भोज व जुआ-सट्टा पर पूर्ण रोक, बैंड-बाजे व डीजे रहित विवाह, बौद्ध विवाह प्रोत्साहन, विवाह में केवल पाँच सोने-चांदी की चीजें, बारात में 75+75 व्यक्ति की सीमित संख्या, बफर भोजन पर रोक, शिक्षा का प्रसार, बेटी शिक्षा पर विशेष बल, तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय सम्मिलित रहे। महापंचायत में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने समाज को संगठित, शिक्षित और जागरूक बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मंच से समाज के प्रबुद्ध व्यक्तित्वों एवं वरिष्ठ नेतृत्व ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

रामलाल विवेक, सत्यवीर सिंह (आई.जी., जयपुर), महेंद्र आनंद (एडवोकेट, हाईकोर्ट जयपुर), पूरनमल वेरी (जयपुर), गुमान सिंह, महावीर, रामअवतार, रनबीर, राजेंद्र वर्मा, संजय सिंह जाटव विधायक बसेड़ी , बुद्धिराम लहरी, डॉ. जयप्रकाश सिंह, आनंद स्वरूप सागर, दाताराम, श्रीराम, लालाराम, धर्मेंद्र दिनकर (पूर्व प्रधान), जगदीश अध्यापक, अंगाई वाले, ओमप्रकाश, डॉ. मधुसूदन, राजेंद्र प्रसाद वर्मा (जयपुर), मुकेश रजौरा, तथा मानसिंह (मंच संचालक) जैसे समाज बंधुओं ने मार्गदर्शन किया। महापंचायत में यह भी संकल्प लिया गया कि धौलपुर जिले में जितने भी जाटव मोहल्लों में शराब के ठेके स्थित हैं, उन्हें प्रशासन से हटवाने की मांग की जाएगी।

**● संगठनात्मक नेतृत्व में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे:**

» विजेंद्र सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष, बसेड़ी), ओमप्रकाश (ब्लॉक अध्यक्ष, सरमथुरा), सुल्तान सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष, धौलपुर), हीरालाल सरेखी (ब्लॉक अध्यक्ष, सैंपऊ), श्रीपति ठेकेदार (ब्लॉक अध्यक्ष, मनिया), होतम सिंह जाटव (बाड़ी चेयरमैन प्रतिनिधि), प्रीति यादव (सीकर), राजेश कुमार, रघुवीर सिंह, प्रेम सिंह लहरी (सेवानिवृत्त), ब्रजेश कुमार, शिवचरन जाटव (मंडरायल), नाहर सिंह ठेकेदार (बसेड़ी), सुआलाल (जिला अध्यक्ष), मांगीलाल भूतिया, पप्पू सोनी, नेमी सिंह (समाजसेवी), माता प्रसाद गौतम, रोशन लाल बौद्ध, भगवानदास दयेरी, मुकेश रजौरा, जसवंत सिंह ( प्राचार्य), कप्तान सिंह, मांगीलाल भूतिया, मनीष बंसी (एडवोकेट)। इस संकल्प महापंचायत में धौलपुर जिले भर से हजारों समाजबंधुओं की भागीदारी रही। आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि शिक्षित, जागरूक और एकजुट समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार होता है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया कि समाज को अंधविश्वास, रूढ़ियों और कुरीतियों से मुक्त कर विकास की मुख्यधारा में अग्रसर किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रूप से हरी लकड़ी से भरे 2 ट्रैक्टर जप्त



**चमकता राजस्थान/वैर (राजवीर सिंह)।** उपवन संरक्षक भरतपुर के निर्देशन में वनपाल नाका सीताछैड ने कार्रवाई करते हुए वैर पुलिस थाने के पास दो अवैध रूप से हरी लकड़ी को भर कर अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टरों को राजस्थान वन अधिनियम के तहत जप्त किया गया। नरेश सैनी फॉरेस्टर ने बताया की वैर पुलिस थाने के पास गस्त के दौरान दो टैक्टरों में हरी लकड़ी भरी हुई दिखाई।जिनको रोक कर टैक्टर चालको से हरी लकड़ी से संबधित दस्तावेज मांगे। चालकों ने हरी लकड़ी से संबधित कोई भी दस्तावेज ना होना बताया। मौके पर ही अवैध रूप से हरी लकड़ी को काट कर अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए वैर पौधशाला में खड़ा किया गया। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी है। टैक्टरों में भरी अवैध रूप से हरी लकड़ी की कार्रवाई में हरिओम सैनी,पुष्पेंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### जिला जिम्नास्टिक संघ जोधपुर के चुनाव सम्पन्न: शक्ति सिंह रावलोत सचिव निर्वाचित



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार डॉ छोटू सिंह द्वारा जिला क्रीड़ा परिषद जोधपुर के भवानी सिंह व विष्णु कच्छवाह, जिला ओलिंपिक संघ के पुष्पेन्द्र सिंह पंवार एवं राजस्थान राज्य जिमनास्टिक संघ के पर्यवेक्षक भरत सिंह की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न करवाए।

डॉ छोटू सिंह, निर्वाचन अधिकारी, ने बताया कि सभी पदो पर निर्विरोध निर्वाचन हुए, जिसमें परमेश्वर प्रजापत अध्यक्ष, डॉ शक्ति सिंह रावलोत सचिव और भवानी सिंह कोषाध्यक्ष, कमरूदीन, मनोहर लाल काला, डॉ अरुण शर्मा व जितेन्द्र सिंह राठौड़ उपाध्यक्ष, डॉ भागीरथ सिंह, श्री पृथ्वी सिंह राजपुरोहित,विक्रम सिंह व डॉ अंजू मेवाडा, सह सचिव तथा सदस्य गण जेठा राम,कैलाश पुरोहित, कुणाल सिंह खंगारोत, कपिल, विक्रम सिंह व वर्षा शर्मा निर्वाचित हुए।

सभी इकाइयों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी व सदस्यों को बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएँ प्रेषित की।

### सूरज सिंह अघापुर ने नवनियुक्त केंद्रीय कांग्रेस एससी विभाग राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** सूरज सिंह अघापुर संगठन प्रभारी संविधान रक्षक प्रदेश इकाई राजस्थान एआईसीसी एससी विभाग द्वारा नई दिल्ली एआईसीसी कार्यालय में नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति डिपार्टमेंट एडवोकेट राजेंद्र पाल गौतम को शुभकामनाएं प्रेषित कर राजस्थान संगठन में चल रही खामियों को लेकर ज्ञापन दिया जिससे पार्टी के आम कार्यकर्ता जो धरातल पर मजबूत पकड़ रखते हैं उनके हक और सम्मान की मजबूती से पैरवी कराएं। पार्टी में चल रहे है खाली पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने के लिए आगाह किया।

# राजस्थान में सत्ता पर भारी संगठन और नौकरशाही

चमकता राजस्थान

**जयपुर/अभय सिंह चौहान।** राजस्थान में भजनलाल सरकार को उन्ही के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सरकार बनने के बाद से ही लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे हैं,अब प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी सत्ता के साथ तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं साथ ही केंद्र के इशारे पर नौकरशाह अफ़सर पहले से मुख्यमंत्री भजनलाल के कामों में रोड़ा अटका रहे हैं ,कुल मिलाकर राजस्थान में सत्ता पर संगठन और नौकरशाह भारी पड़ रहे हैं , इसका ताज़ा उदाहरण आरएएस मेंस परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने को लेकर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ,दोनों उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के आश्वासनों के बाद भी अफ़सरों के दबाव के चलते आरएएस मेन्स परीक्षा की तिथि आगे नहीं बढ़ा पायी,मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री स्वयं तिथि बढ़ाने के पक्ष में थे लेकिन अफ़सरों के दबाव के आगे यह तिथि आगे नहीं बढ़ पाई हालाँकि धरना दे रहे परीक्षार्थियों में फूट के चलते हैं धरना अपने किसी मुक़ाम पर नहीं पहुँच पाया लेकिन सवाल यह उठता है कि धरना दे रहे परीक्षार्थियों को धन कहाँ से प्राप्त हुआ और धरना देने वालों को खुद भाजपा के मंत्री और प्रदेशाध्यक्ष कैसे हवा दे रहे थे?

जब प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ धरना स्थल पर परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन देकर आ गए थे तो मुख्यमंत्री से मुलाक़ात क्यों नहीं हो पाई है क्या बिना मुलाक़ात किए ही मदन राठौड़ ने अपनी तरफ़ से परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का आश्वासन दे दिया या नौकरशाह अफ़सरों के आगे मुख्यमंत्री ने घुटने टेक दिए वही हनुमान बेनीवाल की रैली के बाद हुए भाषण में कमिशनर बीजू जॉर्ज जोसफ का भाषण होना भी अफ़सरशाही पर सवालिया निशान लगाता संभवतः यह पहली बार हुआ है कि किसी कमिशनर ने रेली में भाषण देकर सरकार से बात करने का आश्वासन आंदोलन कारियों को दिया हो !

इधर एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने को लेकर चल रहे धरने में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का जाना और उनका समर्थन करना है,सवाल पैदा कर रहा है कि जब मामला राज्य सरकार कोर्ट में ले जा चुकी है तो मंत्री को दख़ल देने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है?

**आईएएस तबादला सूची जारी नहीं होने पर भी उठ रहे सवाल ?**

इस तरह के धरने हर सरकार में चलते आए हैं लेकिन बहुत कम देखने को मिलता है कि सत्ताधारी पार्टी के मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ही आंदोलनकारियों को हवा दे कर मुख्यमंत्री की छवि को ख़राब करने का प्रयास कर रहे हो और मुख्यमंत्री उनके ख़िलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं यह सत्ता के लिए शुभ संकेत नहीं है सत्ता और संगठन में खिंचाव के चलते अफ़सरशाही हावी हो रही है,आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची पिछले छह माह से अटकी पड़ी है लेकिन अफ़सरों की तानाशाही के चलते यह सूची जारी नहीं हो पा रही है मिली जानकारी के अनुसार इसमें उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत के चलते यह सूची जारी नहीं हो पा रही है !

### अधिवक्ता परिषद राजस्थान जयपुर प्रांत की प्रांत कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न, प्यारेलाल अध्यक्ष,अभिषेक सिंह महामंत्री



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** अधिवक्ता परिषद राजस्थान जयपुर प्रांत की प्रांत कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को स्वस्तिक भवन, अम्बाबाड़ी में सम्पन्न हुई। बैठक तीन सत्रों में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विभिन्न विषयों पर चर्चा और आगामी कार्ययोजनाओं पर निर्णय लिए गए। बैठक के प्रथम सत्र का संचालन प्रांत महामंत्री जितेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता ने परिषद की आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सत्र के अंत में प्रांत अध्यक्ष नीरज बत्रा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के सह क्षेत्र कार्यवाह गेंदा लाल और अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री कमल परसवाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने परिषद के सदस्यों को संगठन की भूमिका और समाज में न्याय की भारतीय अवधारणा के महत्व पर प्रकाश डाला।तृतीय सत्र में चुनाव अधिकारी भागीरथ (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, स्वदेशी जागरण मंच) की देखरेख में प्रांत अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष नीरज बत्रा ने प्यारेलाल के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन प्रांत मंत्री अशोक कासलीवाल एवं विनोद शर्मा ने किया। सर्वसम्मति से प्यारेलाल को प्रांत अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष बनने के बाद प्यारेलाल ने अभिषेक सिंह को महामंत्री नियुक्त करने की घोषणा की। साथ ही, गजेंद्र शर्मा को प्रांत कार्यालय मंत्री और अभिषेक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष व प्रभा अग्रवाल और सुतीक्षण भारद्वाज को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समापन सत्र में जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने अपने उद्बोधन में न्याय व्यवस्था में भारतीयता के समावेश और न्याय को जन-जन की भाषा में सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में परिषद के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### नोनू भट्टी खिजराबाद आधिकारिक तौर पर कांग्रेस में शामिल हुए



**चमकता राजस्थान/जयपुर। गौरव शर्मा चंडीगढ़।** दिल्ली से आईं सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की राष्ट्रीय चेयरपर्सन मैडम सुप्रिया श्रीनाथ ने आज लुधियाना में पंजाब के सोशल मीडिया चेयरमैन गुरतेज सिंह पन्नू के नेतृत्व में नोनू भट्टी खिजराबाद को आधिकारिक तौर पर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया।

### गौ ध्वज पूजन एवं परिक्रमा कार्यक्रम सम्पन्न

**● गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग तेज**




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** भारतीय गौ क्रांति मंच के प्रदेश कार्यालय, वैशाली नगर, जयपुर में रविवार को गौ ध्वज पूजन एवं परिक्रमा कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन गौ ध्वज स्थापना की प्रथम वर्षगांठ की पूर्व तैयारियों के तहत किया गया, जिसकी स्थापना 18 अक्टूबर 2024 को ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा की गई थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे शंकराचार्य जी के प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी योगीराज शैलेन्द्र महाराज की पावन उपस्थिति में हुआ। उन्होंने विधिवत रूप से गौ ध्वज का पूजन एवं परिक्रमा कर, आध्यात्मिक वातावरण में जनजागरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आगामी मुख्य समारोह की तैयारियों एवं जनसंपर्क कार्य की औपचारिक शुरुआत भी की गई।

कार्यक्रम में भारतीय गौ क्रांति मंच के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी, शहर अध्यक्ष, संत प्रकाश दास जी महाराज, गौ सांसद देवकीनंदन पुरोहित, अन्य गौ संसद प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गौभक्त एवं सेवकगण उपस्थित रहे। सभी ने गौमाता के संरक्षण, संवर्धन और उनके राष्ट्रमाता के सम्मान की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगीराज शैलेन्द्र महाराज ने कहा कि झ्र्रदेश की जननी, हमारी संस्कृति की आधारशिला गौमाता को अब राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने गौमाता को 'राज्य माता' का दर्जा देकर आदर्श प्रस्तुत किया है। सभी राज्य सरकारें इस दिशा में पहल करें और केंद्र सरकार से अनुरोध करें कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष शंकराचार्य जी द्वारा पूरे भारतवर्ष में गौ ध्वज प्रतिष्ठा यात्रा के माध्यम से सभी प्रदेशों में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर अभियान चलाया गया था। इस यात्रा के दौरान हर राज्य की राजधानी में गौ ध्वज स्थापित किए गए। उसी का परिणाम रहा कि महाराष्ट्र में गौमाता को राज्य माता घोषित कर विशेष कानून बनाया गया, जिससे प्रदेश को अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई।

कार्यक्रम के समापन पर सभी गौ सेवकों ने आगामी वर्षगांठ समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप देने हेतु तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

# लोजपा प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सभा संपन्न

चमकता राजस्थान

**करौली (राजवीर सिंह)।** भूर सिंह चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्यो०मंत्री भारत सरकार के निर्देशानुसार लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ,राजस्थान प्रदेश द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक का उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना एवं सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को प्रोत्साहित किया गए।इस विशेष अवसर पर पार्टी के सांसद गण, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, तथा अन्य प्रकोष्ठों के प्रमुख बैठक 15 जून समय 12 बजे स्थानः खासा कोठी, खासा कोठी सर्किल, एम.आई. रोड, जयपुर, राजस्थान में की गई

संगठनात्मक मजबूती के लिए चर्चा

कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम में पार्टी को राजस्थान में नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में अपना सक्रिय योगदान ,



इस ऐतिहासिक बैठक की गरिमा को और ऊंचा करने हेतु लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के वरिष्ठ सांसद राजेश वर्मा लोकसभा क्षेत्र खगडिया, बिहार, लोजपा रामविलास एक वरिष्ठ रणनीतिकार एवं संगठनकर्ता, बिहार, लोजपा रामविलास युवा नेतृत्व की प्रखर पहचान, एससी एसटी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद गौतम , प्रदेश अध्यक्ष सूरज बरडिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय भारती राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद फारूकी , राष्ट्रीय महासचिव रमजान मुगल, महिला सेल की प्रदेश अध्यक्ष कीर्ति कमर, आदि अपने बहुमूल्य विचारों और मार्गदर्शन से सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को प्रेरित किया। इनकी उपस्थिति संगठन को नई दिशा और संकल्प प्रदान किया गया इसमें मीटिंग में लोजपा रामविलास पासवान के वरिष्ठ नेता भूरसिंह चौधरी, करौली के जिला अध्यक्ष महेश राज मीणा, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रूपांति सैनी, नरेश पहाड़ी शहीद दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929